संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 07 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 124 पृष्ठः 10 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



कर्नाटक में सीएम योगी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए।

# "लोकतंत्र पर हमला करते हैं कांग्रेसी"

## कांग्रेस ने तय किया है कि वो अपनी पुरानी आदतें नहीं छोड़ेगी, वो तुष्टीकरण, तालाबंदी और गाली को ही चुनावी मुद्दा बनाएगीः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/बादामी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बादामी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ग्रैंड ओल्ड पार्टी 'कांग्रेस' पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) आपके सामने कर्नाटक को नंबर-1 बनाने के लिए रोडमैप लेकर आई है... कांग्रेस ने तय किया है कि वो अपनी पुरानी आदतें नहीं छोड़ेगी, वो तुष्टीकरण, तालाबंदी और गाली को ही चुनावी मुद्दा बनाएगी।

**"कांग्रेस की कूटनीति से पूरा कर्नाटक नाराज"**: उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण वोटबैंक का,

### निशाना साधा

= तालाबंदी भाजपा की गरीब कल्याण नीतियों पर, गाली ओबीसी और लिंगायत समाज को...कांग्रेस देती है

तालाबंदी भाजपा की गरीब कल्याण नीतियों पर, गाली ओबीसी और लिंगायत समाज को... कांग्रेस की इस कूटनीति से पूरा कर्नाटक नाराज है। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेशवासियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज जो मैंने बेंगलुरु में देखा, उसके बाद मैं विश्वास से कहता हूं कि यह चुनाव ना मोदी लड़वा



रहा है, ना हमारे नेता लड़वा रहे हैं, ना हमारे उम्मीदवार लड़ रहे हैं। कर्नाटक का ये चुनाव भाजपा के लिए कर्नाटक की जनता लड़ रही है। उन्होंने कहा कि यहां का उत्साह देखने से पता चलता है कि कर्नाटक में फिर से डबल-इंजन सरकार की बनेगी।

**इंटरनेट के दाम में आई गिरावटः** उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले एक जीबी इंटरनेट की लागत 300 रुपये थी, लेकिन आज यह घटकर 10 रुपये प्रति जीबी हो गया है।

### "लोकतंत्र पर हमला करते हैं कांग्रेसी"

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग आज भी देश-दुनिया में भारत को लोकतंत्र की जननी कहने की हिम्मत नहीं करते, ये सिर्फ भारत के लोकतंत्र पर हमला करते हैं। यही गुलामी की मानसिकता है जिस से आज भारत बाहर आ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी संस्कृति और अपनी विरासत के लिए समर्पित है। हम देश में विभिन्न पर्यटन सर्किटों के निर्माण और उनकी मजबूती के लिए काम कर रहे हैं, जिसकी बदौलत रोजगार के अपार अवसर पैदा हो रहे हैं।

### पीएम से ज्यादा आतंकवाद को मैं समझताः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/हुबली**
**कर्नाटक** चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में राहुल गांधी ने दो जनसभाओं को संबोधित किया।

बेलगावी में पहली रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने आंतकवाद को लेकर बात की और कहा कि मुझसे ज्यादा आतंकवाद को कोई नहीं समझ सकता। राहुल ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या को याद करते कहा कि- आतंकवादियों ने मेरे परिवार के कई लोगों की जान ली। ऐसे में आतंकवाद क्या होता है और ये क्या करता है, प्रधानमंत्री से ज्यादा इसकी समझ मुझे है। बेलगावी के बाद राहुल ने चिकोडी में एक जनसभा को संबोधित किया।

**आतंकवाद से पीड़ित हूं, मुझे इसकी ज्यादा समझः** पीएम नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा में कांग्रेस को लेकर टिप्पणी की थी, कि यह पार्टी आतंकवादियों का समर्थन करती है। जिसका जवाब देते हुए आज राहुल ने कहा - हमारे पीएम आतंकवाद की बात करते हैं, उनसे बेहतर मैं आतंकवाद को समझता हूं। मेरे परिवार के लोगों को आतंकवादियों ने मारा, मेरी दादी को मारा मेरे पिता को मारा। पीएम से बहुत बेहतर आतंकवाद क्या होता है और ये क्या करता है उसे मैं समझता हूं।

## पाक में खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर/लाहौर**
आतंकी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ परमजीत सिंह पंजवड़ की शनिवार को लाहौर में हत्या कर दी गई। उसे जौहर कस्बे की सनफ्लावर सोसाइटी में घुसकर गोलियां मारी गईं। पंजवड़ की मौके पर ही मौत हो गई। वह 1990 से पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। वह यहां मलिक सरदार सिंह के नाम से रह रहा था। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह 6 बजे बाइक पर आए दो लोगों ने यह हमला किया और फरार हो गए।

**केंद्र की आतंकियों की लिस्ट में पंजवड़ का नामः** परमजीत सिंह पंजवड़ का जन्म 21 अप्रैल 1960 को पंजाब में तरनतारन जिले में झब्बाल थाने के तहत आते पंजवार गांव में रहने वाले कश्मीर सिंह के घर हुआ। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2020 में नौ आतंकियों की लिस्ट जारी की थी जिसमें परमजीत सिंह पंजवड़ का नाम आठवें नंबर पर था।

## 'पीएफआई के एजेंडे पर चलती है कांग्रेस'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** में चार दिन बाद 10 मई को वोटिंग होनी है। चुनावी कैंपेन के अंतिम समय में सभी दल मैदान में उतर चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को कर्नाटक के सवदत्ती येल्लम्मा पहुंचे। उन्होंने वहां कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा-यह पार्टी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के एजेंडे पर चलती है, सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा उत्तर



कर्नाटक के किसानों के साथ अन्याय किया। जब भी कांग्रेस सरकार आई इन्होंने किसानों पर गोलियां और लाठियां चलाईं। वहीं, हमारी डबल इंजन की सरकार हर साल 10,000 रुपया किसानों के अकाउंट में डाल रही है। कर्नाटक में शुक्रवार को शाह के 6 प्रोग्राम होने हैं। सवदत्ती येल्लम्मा के बाद शाह अथनी पहुंचे। यहां पर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने रायबाग में रोड शो किया। उसके बाद वह चिकोडी सादलगा और यमकनमर्डी में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम को 6.30 बजे बेलगावी नॉर्थ में रोड शो करेंगे।

### एअर इंडिया फ्लाइट में महिला को बिच्छू ने डंक मारा

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**नागपुर** से मुंबई जा रही एअर इंडिया की एआई 630 फ्लाइट में एक महिला पैसेंजर को बिच्छू ने डंक मार दिया। एअर इंडिया ने शनिवार को बताया कि घटना 23 अप्रैल यानी पिछले महीने की है। एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद वहां पहले एक डॉक्टर ने महिला का ट्रीटमेंट किया और फिर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। अब वह ठीक है। एयरलाइन ने बताया कि फ्लाइट में किसी पैसेंजर को बिच्छू का डंक मारने का अनोखा मामला है। घटना की जानकारी मिलते ही एयर इंडिया की इंजीनियरिंग टीम ने फ्लाइट की जांच की।

## सम्राट चार्ल्स तृतीय का राज्याभिषेक, पहना 360 साल पुराना ताज



**लंदन।** ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स तृतीय का राज्याभिषेक शनिवार को लंदन स्थित वेस्टमिंस्टर एब्बे में समारोह पूर्वक किया गया। उन्हें सम्राट का और उनकी पत्नी कैमिला को साम्राज्ञी का ताज पहनाया गया। कैंटरबरी के आर्कबिशप जस्टिन वेल्बी ने सम्राट को 360 साल पुराना ताज पहनाया। पिछले साल सितंबर में ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद ब्रिटिश सिंहासन पर पहुंचे 74 वर्षीय सम्राट चार्ल्स और उनकी पत्नी साम्राज्ञी कैमिला की ताजपोशी शनिवार को वेस्टमिंस्टर एब्बे में आयोजित भव्य धार्मिक समारोह में की गयी। ऐसा आयोजन 70 साल के अंतराल के बाद हुआ है। इससे पहले ऐसी शाही परंपरा आखिरी बार 1953 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ताजपोशी के लिए देखी गई थी। ताजपोशी के बाद सम्राट ने ब्रिटेन के लोगों पर 'न्याय और दया' के साथ शासन करने और एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने की शपथ ली, जहां सभी धर्मों और विश्वासों के लोग स्वतंत्र रूप से रह सकें।

## राजौरी में एक आतंकी ढेर...एक घायल, अब भी मुठभेड़ जारी

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**कश्मीर** के राजौरी में कांडी इलाके में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया और एक घायल हो गया। यहां शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे से मुठभेड़ जारी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान यहीं आतंकियों ने घात लगाकर विस्फोट किया था, जिसमें सेना के 5 जवान शहीद हो गए थे। स्थिति का जायजा लेने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे राजौरी पहुंचे। जम्मू-कश्मीर



के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने सुबह राजौरी में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। उधर, बारामूला के करहमा कुंजर में भी सुबह 4 बजे से एनकाउंटर चल रहा है। यहां अब तक एक आतंकी मारा गया है। कुछ और आतंकियों के छिपे हुए होने की जानकारी है।

**घना जंगल और हिली एरिया से आतंकियों को खोजना मुश्किलः** राजौरी का कांडी हिली इलाका है। घना जंगल भी है। यहां गुफाएं भी हैं। इस वजह से सर्च ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। आर्मी ने शुक्रवार को बताया कि यहां ऑपरेशन 3 मई को शुरू हुआ था। राजौरी में कांडी के जंगलों में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

## पहलवानों का बृजभूषण पर गंभीर आरोप



### रिपोर्ट्स के मुताबिक

= भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने उनकी सहमति के बिना जांघ, कंधे, पेट और छाती को टच किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मालिक की अगुआई में दिल्ली के जंतर-मंतर पर रेसलर्स का धरना 14वें दिन भी जारी है। बृजभूषण के खिलाफ 10 दिन पहले दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में रेसलर्स की शिकायत पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और पॉस्को एक्ट का केस दर्ज हुआ। इन 2 एफआईआर में क्या-क्या दर्ज है, यह सभी के लिए जिज्ञासा का प्रश्न बना हुआ है।

इसी बीच एफआईआर की कुछ बातें सामने आई हैं, जिसमें बृजभूषण के सेक्सुअल हैरेसमेंट के बारे में बताया गया है।



# घोषणाएं पूरी नहीं होने पर सख्त हुए सीएम

## अधिकारियों से ली रिपोर्ट, सीएम ने की सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक

8 सीएम घोषणाओं के तहत 6500 से अधिक परियोजनाएं पूरी
8 दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वर्ष 2015 में पुन्हाना में वेयरहाउस बनाने की घोषणा की समीक्षा करते हुए इसके क्रियान्वयन में हुई देरी पर मुख्यमंत्री ने सख्त संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक सचिव को एक कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच करने, जिम्मेदारी तय करने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सीएम घोषणाओं के तहत चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि एवं किसान कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, स्कूल शिक्षा, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), विकास एवं पंचायत, सिंचाई, खेल विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभागों की परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2020 तक की लंबित घोषणाओं को इस वर्ष में ही पूरा करने का काम करें, ताकि आम जनता को इन परियोजनाओं का लाभ तुरंत मिल सके। इसके अलावा, वर्ष 2021, 2022 की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि वे स्वयं सीएम घोषणाओं की नियमित समीक्षा बैठकें करें। इसके साथ ही, सभी परियोजनाओं के लिए पीईआरटी चार्ट तैयार करें, ताकि परियोजनाओं की समय अवधि और पूर्ण प्रतिशतता की स्थिति स्पष्ट हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परियोजनाओं का आवश्यक अध्ययन करने के बाद, ऐसी परियोजनाओं की एक अलग सूची तैयार की जाए, जो अभी संभव नहीं हैं, ताकि लंबित घोषणाओं की वास्तविक संख्या का पता लग सके। इसके अलावा, जो काम अलॉट हो गए हैं, उन्हें भी जल्द पूरा करवाया जाए।

**हकीकत नगर करनाल में खुलेगा प्राइमरी स्कूल:** बैठक में हकीकत नगर करनाल में प्राइमरी स्कूल खोलने की मुख्यमंत्री की घोषणा पर अधिकारियों ने बताया कि इस गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल शुरू हो जाएगा। सिवानी तहसील के कुछ गांवों को भिवानी जिले से हिसार जिले में शामिल करने की सीएम घोषणा पर समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इसके लिए एक टीम गठित की जाए और इन सभी गांवों के सरपंचों के साथ ग्राम सभा की बैठकें आयोजित कर वहां के लोगों की सहमति प्राप्त की जाए, उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा, अनाज मंडी, डबवाली में प्लेटफार्म बनाने के संबंध में समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस संबंध में आज शाम तक प्रक्रिया पूरी की जाए और कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। विभिन्न स्थानों पर ऑफिसर्स आवास बनाने की घोषणाओं पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सब-डिविजन पर ऑफिसर्स आवास या फ्लैट बनाने के संबंध में एक कार्य योजना तैयार की जाए, ताकि अधिकारियों को रहने के लिए अच्छी व्यवस्था उपलब्ध हो सके और उप मंडल का कार्य सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक चरण में जिला मुख्यालय से अधिक दूरी वाले सब-डिवीजनों के लिए कार्य योजना तैयार की जाए।

**पार्क एवं व्यायामशालाओं के रख-रखाव की जिम्मेवारी आयुष विभाग को सौंपी जाए:** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गांवों में बने पार्क एवं व्यायामशालाओं के रख-रखाव की जिम्मेवारी आयुष विभाग को सौंपी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गांवों में जिन परियोजनाओं में भूमि खरीद करने की आवश्यकता है, उसके लिए भूमि की खरीद दरों के बारे में गहन अध्ययन करने के बाद ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से ही की जानी चाहिए और इस कार्य के लिए सरपंचों व जिला परिषदों को शामिल किया जाए। विभिन्न सड़कों की मरम्मत व नई सड़कों के निर्माण संबंधी घोषणाओं पर मनोहर लाल ने कहा कि पहली प्राथमिकता पुरानी सड़कों के मरम्मत के कार्य को दी जाएगी। उसके बाद आवश्यकता व मांग अनुसार नई सड़क का निमार्ण किया जाएगा।

# पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने वितरित किये 30 बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पशुपालन एवं डेयरी विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा उपनिदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में 30 बीपीएल परिवारों को बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट वितरित किए` विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ जसबीर सिंह पंवार ने बताया कि बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट जरूरतमंद परिवारों की आय बढ़ाने के लिए एक माइक्रो एटीएम की तरह काम करती है` अंडे प्रोटीन का बहुत अच्छा स्त्रोत हैं` पोल्ट्री स्वरोजगार के बहुत अच्छे अवसर प्रदान करती है` डॉक्टर जसवीर सिंह पवार ने बताया कि इस स्कीम के अंतर्गत चूजे, ड्रिंकर व फीडर राजकीय हैचरी फार्म हिसार द्वारा सहायक निदेशक डॉ संगीता दलाल के निर्देशन में सप्लाई किए जाते हैं` थानेसर व पिपली के 6-6, नलवी के 10, चनारथल व चढूनी जाटान के 4-4 चुने हुए बीपीएल परिवारों को यह यूनिट वितरित किए गए` इस अवसर पर राजकीय पशु चिकित्सालय, थानेसर की चिकित्सक डॉ ऋतु चौहान, वीएलडीए सुनील व वीएलडीए नरेश इत्यादि सहित सभी लाभार्थी उपस्थित थे।

# खापों-संगठनों के प्रतिनिधियों ने महिला पहलवानों को दिया समर्थन

8 आज पूरे देश की जनता खड़ी है और मोदी सरकार को तुरंत सांसद बृजभूषण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिये



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना रही महिला पहलवानों के समर्थन में कई खापों व संगठनों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को पानीपत के स्काईलार्क में पत्रकार वार्ता करके मोदी सरकार पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बचाने के आरोप लगाये है। खापों के प्रधानों एवं प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से तुरंत सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से बर्खास्त करने और यौन शौषण के आरोपों पर गिरफ्तार करने की मांग की गई है। घनघस खाप हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष जगदीप घनघस एडवोकेट, पानीपत के सतगामा की मलिक खाप के अध्यक्ष राजकुमार मलिक एवं प्रतिनिधि सुखबीर सिंह मलिक व बिंटू मलिक उग्राखेड़ी, दहिया खाप प्रतिनिधि प्रताप दहिया, टेकराम कंडेला, एसकेएम के जिला संयोजक जयकरण कादियान, रब दे बंदे के प्रमुख सेवक राकेश चुघ आदि ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि देश के खिलाड़ी जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लेकर आते है तो उनका जोरदार स्वागत किया जाता है। लेकिन देश की पहलवान बेटियों को यौन शौषण के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जंतर मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। खापों के प्रधानों एवं प्रतिनिधियों ने दावा किया कि वे रविवार को भारी संख्या में बेटियों द्वारा दिये जा रहे धरने में शामिल होने के लिये दिल्ली के जंतर मंतर पर जाएगे। उन्होंने कहा कि धरना दे रहे खिलाड़ियों के साथ आज पूरे देश की जनता खड़ी है और मोदी सरकार को तुरंत सांसद बृजभूषण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिये।

# पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए बनाएं जाएंगे छोटे-छोटे बांधः धुमन

8 छोटे-छोटे बांध बनाए जाएंगे और बारिश के पानी से इस प्रकार की व्यवस्था की जाएगी



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/पिहोवा (दलबीर मलिक)**
हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती जंगल को हरा भरा रखने व पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के साथ-साथ भूजल की स्थिति में सुधार लाने के लिए बोर्ड की तरफ से योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत जंगल में पानी ले जाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए जाएंगे और बारिश के पानी से इस प्रकार की व्यवस्था की जाएगी। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से सरस्वती स्योंसर जंगल को लेकर एक बडी योजना पर कार्य किया जा रहा है। इससे पहले उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर रमणीक सिंह मान, मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने सरस्वती स्योंसर जंगल और हांसी बुटाना नहर का निरीक्षण किया और जंगलों तक पानी पहुंचाने की संभावना पर विचार विमर्श भी किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले बारिशों के सीजन में सरस्वती जंगल व सरस्वती सतौडा शाखा के माध्यम से पानी को जंगलों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। इस योजना पर बोर्ड की तरफ से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से ना केवल सतौडा क्रीक में पानी चलेगा बल्कि इस क्षेत्र के पशु पक्षियों को तपती गर्मी में पीने के लिए पानी मिल पाएगा। इस निरीक्षण के दौरान गुलडेरा से लेकर कैथल जिला के नौच गांव तक फैले सरस्वती स्योंसर जंगल, हांसी बुटाना हैड व जंगल के अंदर जाकर पानी को संरक्षित और एकत्रित करने की तमाम संभावनाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा भी की गई है। उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड की योजना के अनुसार छोटे-छोटे बांध बनाकर बरसात के पानी को जंगलों में सहेजने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही फलदार पौधे भी रोपित किए जाएंगे। इन पौधों के लगने से जंगल की ईको प्रणाली भी ठीक रहेगी।
उपाध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड की योजना के अनुसार बारिश के पानी का सदुपयोग हो सकेगा और जितनी भी बारिश होगी इस 12 हजार एकड़ भूमि पर फैले सरस्वती स्योंसर जंगल में बांध बनाकर पानी को रोका जाएगा।

# माता की निशुल्क चौकी का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल**। न्यू टाईगर क्लब नारनौल (रजि.00030) द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को किसी ना किसी भक्त के निवास स्थान पर माता की निशुल्क चौकी का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को माता की चौकी का आयोजन मौ. गुरु नानक पुरा अशोक कुमार मंजू फामरा के निवास स्थान पर मां वैष्णो देवी का सुंदर दरबार सजाया गया। माता की चौकी में सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री ने मुख्य यजमान अशोक कुमार व उनकी पत्नी के कर कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाते हुए माता की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाई। क्लब के मनमोहन बोहरा ने बताया कि माता की पावन ज्योत घर में जगाने से घर में सुख और समृद्धि आते है माता की चौकी लगाकर मां का गुणगान करने का सौभाग्य किस्मत वालों को प्राप्त होता है। और बताया कि घर में माता का जगराता करने से घर में सुख और समृद्धि आते हैं भजन संध्या की शुरूआत विकास म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गणेश वंदना करके की गई इसमें शहर के सुप्रसिद्ध गायककार सोनू पागल ने जय बालाजी की कारोबार मेरो बालाजी चलावे हवा सिंह हमराही चलो बुलावा आया है नरेंद्र बंसी वीर हनुमाना, प्रीति अग्रवाल तूने मुझे बुलाया शेरावालिए ,नवीन वशिष्ठ मैया अटकी मजधार है परमानंद वर्मा ने तेरे चरण दबाव ने जी करदा ,और नवीन वशिष्ठ अंत में माता के सिंगार के रचना सुनाकर सबको आत्मनिर्भर कर दिया इस मौके पर क्लब प्रधान राजेश लखेरा, दिनेश शर्मा ,टिंकू जैन, अमित राजपूत, एडवोकेट चंद्र प्रकाश , नवनीत चौधरी, मनमोहन बोरा, मुकेश वालिया, राहुल वर्मा (आरडी), आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो कैंपर को मारी टक्कर, दो युवाओं की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**राष्ट्रीय** राजमार्ग 148 बी पर नांगल चौधरी गौशाला मुख्य द्वार के सामने सर्विस रोड पर एक ट्रक और टेंपो की टक्कर हो गई जिसमें कैंप पर गाड़ी में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक दोनों यूको का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। टक्कर लगने से कैंपस और ट्रक दोनों ही पलट गए। पुलिस में दी शिकायत में अरविंद पुत्र रामकुमार निवासी कालबा ने बताया कि शुक्रवार की रात को करीब एक बजे विजेंद्र पुत्र शेर सिंह निवासी कालबा, अमनदीप पुत्र अजमेर सिंह निवासी सारंगपुर जिला चरखी दादरी अपने दोस्त की बोलोरो कैंपर में सवार होकर कोटपूतली से नांगल चौधरी आ रहे थे और अमनदीप गाड़ी चला रहा था। विजेंद्र पास की पिछली सीट पर बैठा था।
उसने बताया कि जब हम राष्ट्रीय राजमार्ग 148 बी पर नांगल चौधरी बाबा मुकुंद दास गौशाला के मुख्य दरवाजे के सामने सर्विस रोड पर आ रहे थे तो पीछे से एक ट्रक चालक अपने ट्रक को बड़ी तेज गति व लापरवाही से चलाता हुआ आया और उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी । टक्कर लगने के बाद लकड़ीयां कैंपर गाड़ी के ऊपर गिर गई जिससे गाड़ी चकनाचूर हो गई। टक्कर लगने के बाद ट्रक भी पलट गया और कैंपल भी पलट गई।

# कनाडा से लौट रहा दंपती सड़क हादसे में घायल, चालक की मौत

**सोनीपतः राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ के पास आगे चल रहे ट्रक चालक के ब्रेक लगाने पर पीछे से टैक्सी ट्रक में घुस गई। कार सवार दंपति सहित चालक हादसे में घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृत चालक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# माता की चौकी में भजन गायकी को सुन मुग्ध हुए श्रद्धालु

8 नवीन शास्त्री ने मुख्य यजमान अशोक कुमार व उनकी पत्नी के कर कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**। न्यू टाईगर क्लब नारनौल (रजि.00030) द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को किसी ना किसी भक्त के निवास स्थान पर माता की निशुल्क चौकी का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को माता की चौकी का आयोजन मौ. गुरु नानक पुरा अशोक कुमार मंजू फामरा के निवास स्थान पर मां वैष्णो देवी का सुंदर दरबार सजाया गया। माता की चौकी में सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री ने मुख्य यजमान अशोक कुमार व उनकी पत्नी के कर कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाते हुए माता की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाई। क्लब के मनमोहन बोहरा ने बताया कि माता की पावन ज्योत घर में जगाने से घर में सुख और समृद्धि आते है माता की चौकी लगाकर मां का गुणगान करने का सौभाग्य किस्मत वालों को प्राप्त होता है। और बताया कि घर में माता का जगराता करने से घर में सुख और समृद्धि आते हैं भजन संध्या की शुरूआत विकास म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गणेश वंदना करके की गई इसमें शहर के सुप्रसिद्ध गायककार सोनू पागल ने जय बालाजी की कारोबार मेरो बालाजी चलावे हवा सिंह हमराही चलो बुलावा आया है नरेंद्र बंसी वीर हनुमाना, प्रीति अग्रवाल तूने मुझे बुलाया शेरावालिए ,नवीन वशिष्ठ मैया अटकी मजधार है परमानंद वर्मा ने तेरे चरण दबाव ने जी करदा ,और नवीन वशिष्ठ अंत में माता के सिंगार के रचना सुनाकर सबको आत्मनिर्भर कर दिया इस मौके पर क्लब प्रधान राजेश लखेरा, दिनेश शर्मा ,टिंकू जैन, अमित राजपूत, एडवोकेट चंद्र प्रकाश , नवनीत चौधरी, मनमोहन बोरा, मुकेश वालिया, राहुल वर्मा (आरडी), आदि मौजूद रहे

# सांसद बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने से जनता में बढ़ रहा है भारी रोषः रतनमान

## -पहलवान बेटियों के समर्थन में भाकियू जींद में 10 मई को करेगी प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन,फूंकेगी पुतला



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने केंद्र सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि मोदी सरकार ने जंतर मंतर पर धरना दे रही पहलवान बेटियों को जल्द ही न्याय नही दिलवाया गया तो अंजाम गंभीर होंगे। दिल्ली के जंतर मंतर पर कई दिनों से लगातार चल रहे धरने को लेकर देश की जनता में रोष बढ़ रहा है। विश्व में देश का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी बेटियों की हालात किसी भी प्रकार से सहन नही हो रही है। पहलवान खिलाडि?ों की आवाज को बुलंद करने के लिए 10 मई को जींद शहर की सडकों पर प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा और भाजपा सरकार व आरोपी बृजभूषण शरण सिंह का पूतला दहन करने के साथ ही जींद के डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रतन मान शनिवार को भाकियू की किसान भवन में आयोजित प्रदेश स्तरीय आपात बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के जिला प्रधान सोनू मालपुरिया ने की। इस मौके पर किसान नेताओं ने केंद्र व प्रदेश में शासित भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। वहीं रतनमान ने कहा कि जींद प्रदर्शन में खाप पंचायतों सहित सभी संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। पहलवान खिलाडि?ों के आंदोलन में खाप पंचायतें आंदोलन को लेकर जो भी निर्णय लेगी भाकियू उसका अनुशरण करेगी और अलग से कोई भी निर्णय नही लिया जाएगा। भाकियू नेताओं ने कहा कि सांसद बृजभूषण शरण सिंह को तुरंत गिरफ्तार कर इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। जबकि सोनू मालपूरिया ने कहा कि 10 मई को जींद प्रदर्शन में पानीपत जिला से भारी संख्या में किसान शामिल होगे। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री शाम सिंह मान, जींद जिलाध्यक्ष बारूराम रूपगढ़, हिसार जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, पानीपत जिलाध्यक्ष सोनू मालपूरिया, भाकियू प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, कैथल जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह चौशाला, कामरेड भीम सिंह, हरी सिंह डाहर, बलवान सिंह, भीम सिंह मलिक, जय सिंह, चांद, राम स्वरूप कैमला आदि मौजूद रहे।

# टैरी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई विभिन्न प्रकार की गतिविधियां




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** टैरी पब्लिक स्कूल में नर्सरी कक्षा से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए सुंदर परिधान प्रतियोगिता तथा एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के हरियाणवी,पंजाबी राजस्थानी, वेस्टर्न तथा इंडो वेस्टर्न परिधान पहनकर मंच पर अपनी प्रतिभा के जलवे बिखेरे। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के बीच एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के लोक नृत्य किए जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, कश्मीरी नृत्य तथा भंगड़ा प्रसिद्ध रहे। स्कूल प्रधानाचार्या गीता सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने से विद्यार्थियों में छिपी अन्य प्रतिभाएं भी निखर कर सामने आती है। इन प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के सभी अध्यापकों ने अपने अपने तरीके से योगदान दिया तथा सभी विद्यार्थियों ने गतिविधियों का आनंद लिया। स्कूल चेयरपर्सन गरिमा गुप्ता ने गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।

# 'शीशमहल': सुकेश सच बोल रहा है!

## केजरीवाल के बंगले में लगे फर्नीचर से लेकर क्रॉकरी तक मैंने खरीदा, 28 लाख के तो तकिए

**पत्र लिखा**

**= , फर्नीचर का चयन फोटो देखकर खुद सीएम और सत्येंद्र जैन ने किया था, जो व्हाट्सएप पर भेजी गई थी**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
200 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद आरोपी सुकेश चंद्रशेखर अक्सर दो मुद्दों को लेकर काफी चर्चा में बना रहता है। एक बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस और दूसरा दिल्ली सरकार के खिलाफ उपराज्यपाल को चिट्ठी लिखकर। एक बार फिर सुकेश ने राज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले में हो रहे पुनर्निर्णाम यहां तक कि उनके बंगले में आए फर्नीचर से लेकर क्रॉकरी तक पर जो खर्च हुआ है वो सारा पैसा मैंने दिया है। सुकेश ने खत में यह भी दावा किया है कि केजरीवाल के बंगले में जो फर्नीचर लगे हैं वह सत्येंद्र जैन और केजरीवाल ने खुद चुने थे। उनके फोटो मैंने उन्हें व्हाट्सएप और फेस टाइम चैट के जरिए सीएम और जैन के मोबाइल पर भेजा था। सुकेश ने पत्र में बकायदा उन सभी सामानों का ब्यौरा दिया है जो उसके मुताबिक उसने केजरीवाल के लिए खरीदा था। इसमें 45 लाख रुपये का ऑलिव ग्रीन रंग का 12 सीटर डाइनिंग टेबल है।
सुकेश ने पत्र में दावा किया है कि इन सभी सामनों के बिल का भुगतान मैंने किया है। सारे फर्नीचर

**= केजरीवाल और उनके बच्चों के बेड रूम के लिए 34 लाख रुपये की ड्रेसिंग टेबल।**
**= 18 लाख रुपये के सात आइने।**
**= 28 लाख के 30 पीस रग्स, बेडस्प्रेड्स और तकिए**
**= 45 लाख की पामराई की तीन दीवार घड़ियां**

सीधे केजरीवाल के दफ्तर भेजे गए थे, जहां से मेरे स्टाफ रिषभ शेट्टी ने उन्हें उनके आवास पर लगाया था। ये सब इटली और फ्रांस से आयात हुए थे। सभी भुगतान मेरे फर्म न्यू एक्सप्रेस पोस्ट एंड एलएस फिशरीज द्वारा किए गए थे। इस बात का सबूत में जांच एजेंसी को भी उपलब्ध करा सकता हूं, मेरे पास केजरीवाल और सिसोदिया संग हुए व्हाट्सएप चैट मौजूद हैं। सुकेश ने आगे बताया है कि जब सत्येंद्र जैन ने उसके चेन्नई स्थित घर का विजिट किया था, तब उन्होंने उसके घर के इंटीरियर की फोटो खींची थी और उसे अरविंद केजरीवाल को भेजा था। इसके बाद केजरीवाल ने इन हाई एंड फर्नीचर और अन्य सामानों को अपने सीए विपुल गर्ग के जरिए गिफ्ट के तौर पर देने को कहा था। पत्र में सुकेश ने लिखा है कि, इसकी सच्चाई पूरी तरह से बाहर आनी चाहिए और अपने आपको ईमानदार आम आदमी कहने वाले केजरीवाल की जांच होनी चाहिए।

# आबकारी घोटालाः सिसोदिया के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर सुनवाई टली

**सुनवाई टाल दी**

**= स्पेशल जज एमके नागपाल ने 10 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। 04 मई को ईडी ने इस मामले में चौथी चार्जशीट दाखिल की थी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ दायर चार्जशीट पर सुनवाई टाल दी। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 10 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। 04 मई को ईडी ने इस मामले में चौथी चार्जशीट दाखिल की थी। चौथी चार्जशीट में मनीष सिसोदिया को आरोपित बनाया गया है। ईडी की चौथी चार्जशीट 2100 पेज की है। सिसोदिया इस मामले में 29वें आरोपित हैं। एक मई को कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल तीसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। स्पेशल जज एमके नागपाल ने तीसरी चार्जशीट में बनाए गए सभी आरोपितों को 10 मई को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। ईडी ने 6 अप्रैल को तीसरी चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने तीसरी चार्जशीट में तीन लोगों को आरोपित बनाया है। ईडी ने राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा को आरोपित बनाया है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि गौतम मल्होत्रा को 7 फरवरी, राजेश जोशी को 8 फरवरी और राघव मगुंटा को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा है कि करीब ढाई करोड़ रुपये पहले अमित अरोड़ा को दिए गए और फिर दिनेश अरोड़ा को दिए गए। आखिरकार ये रकम आप नेताओं को दी गई। ईडी के मुताबिक आम आदमी पार्टी के कैंपेन को चलाने के लिए राजेश जोशी ने 77 लाख रुपये लिये। राजेश जोशी एक एडवरटाइजिंग कंपनी का प्रमुख था। छह जनवरी को ईडी ने शराब घोटाले में दूसरी चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में 12 को आरोपित बनाया गया है। इसमें 05 व्यक्तियों और 07 कंपनियों के नाम हैं। चार्जशीट में ईडी ने जिन लोगों को आरोपित बनाया, उनमें विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, शरद चंद्र रेड्डी, विनय बाबू और अमित अरोड़ा हैं।

# एलजी ने फ्लाइंग ऑफिसर बेटी को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय र**क्षा अकादमी (एनडीए) के द्वारा सेलेक्शन होकर देश की पांचवी महिला फ्लाइंग ऑफिसर बनने वाली और दिल्ली पुलिस में तैनात हेड कांस्टेबल ललित कुमार की बेटी कोमल दहिया को उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने बुलाकर सम्मानित किया। इस सफलता के लिए बधाई दी, उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कोमल के पिता ललित अभी एलजी हाउस में तैनात हैं। उसके बाद उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने भी कोमल दहिया को डीसीपी ऑफिस में बुलाकर यहां के सभागार में सम्मानित किया। कोमल ने पुलिस सभागार में सबको बताया कि वह किस तरह पहले ह्यूमेनिटिज की स्टूडेंट थी, लेकिन 6 महीने बीतने के बाद उसने स्विच किया और साइंस की पढ़ाई की शुरूआत की। उनकी मां ने काफी हौसला अफजाई किया,

**काबू**

**= इस सफलता के लिए बधाई दी, उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कोमल के पिता ललित अभी एलजी हाउस में तैनात हैं**

मोटिवेट किया लगातार उनके साथ लगी रही और कहती रही तुम कर सकती हो। उल्लेखनीय है कि कोमल हरियाणा के सोनीपत के एक गांव की रहने वाली है। पांचवी तक की पढ़ाई गांव के एक स्कूल में की। एनडीए में लड़कियों के थर्ड बैच में लड़कियों में पांचवा रैंक हासिल किया है। लड़की और लड़कों को मिलाकर इसे 34 वां रैंक मिला है। परिवार के लोग और दिल्ली पुलिस परिवार कोमल की सफलता से गौरवान्वित है। कोमल के पिता ललित कुमार 2018 में कॉन्स्टेबल के रूप में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। अभी हेड कांस्टेबल के रूप में इनकी पोस्टिंग एलजी हाउस में है।

# मामूली सी बात पर हुक्का बार में हुई फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** आए दिन गोली बारी की घटनाएं सुनने को मिल जाती है। अब कालकाजी इलाके में एक युवक के सिर में गोली मारने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई तो वहीं घटना के बाद पीड़ित का परिवार और अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मामूली बात पर कालकाजी के डीडीए फ्लैट में एक हुक्का बार में गोलियां चली थी।

# एनडीएमसी ने सुविधा शिविर में प्राप्त की 95 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर में शनिवार को सुविधा शिविर का आयोजन किया। इस बीच एनडीएमसी के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 95 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया। एनडीएमसी द्वारा शिकायतों के



**सुविधा शिविर**

**= निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं**

शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया। नीति स्तर के निर्णयों की आवश्यकता वाली शिकायतों को उनके निवारण की संभावित समय-सीमा के साथ समझाया गया। एनडीएमसी के 30 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क की निगरानी उनके विभागाध्यक्ष करते रहे।
इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा पालिका परिषद क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक "जन सुविधा पोर्टल" भी लॉन्च किया हुआ है।




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के झूठ को उजागर करने के लिए दिल्ली भाजपा के प्रभारी बैजयंत जय पांडा एवं अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने 'झूठा कहीं का' कैम्पेन को लॉन्च किया।

# अमनदीप ढल की जमानत याचिका पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले में आरोपित अमनदीप ढल की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 12 मई को करने का आदेश दिया। ईडी की ओर से पेश वकील एनके माटा ने कहा कि कोर्ट ने अमनदीप ढल समेत दूसरे सह-आरोपितों को समन जारी कर 12 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। अमनदीप के वकील ने भी जमानत याचिका पर दलीलें रखने के लिए आज सुनवाई टालने की मांग की।

# क्रिकेटर नीतीश राणा की पत्नी का बदमाशों ने किया पीछा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आईपीएल** में कोलकाता नाईट राइडर्स के कैप्टन नितीश राणा की पत्नी को दिल्ली में दो बदमाशों द्वारा परेशान करने का मामला प्रकाश में आया है। नितीश राणा की पत्नी सांची मरवाहा राणा ने ईमेल के द्वारा कीर्ति नगर थाना पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में उन्होंने बताया कि चार मई की रात जब वह कार से घर लौट रही थीं, इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका पीछा किया और उनकी कार पर जोर से हाथ मार-मार कर कार को रोकने की कोशिश की। इस मामले में कीर्ति नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ई-मेल द्वारा की शिकायत में उन्होंने यह भी बताया कि जब घर पहुंच कर पुलिस को मामले की शिकायत की तो पुलिस ने उल्टा यह नसीहत दी की "अब आप सुरक्षित घर पहुंच गई हैं, इस मामले को जाने दें। इसके बाद उन्होंने इस मामले से संबंधित एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। वीडियो वायरल होने के बाद वेस्ट जिला

**दो गिरफ्तार**

**= नितीश राणा की पत्नी सांची मरवाहा राणा ने ईमेल के द्वारा कीर्ति नगर थाना पुलिस को शिकायत दी**

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी घनश्याम बंसल के अनुसार पांच मई को ईमेल के जरिए कीर्ति नगर थाने को नितीश राणा की पत्नी सांची मरवाहा राणा ने शिकायत दी, जिसमें कहा गया कि चार मई की रात 8:30 बजे के करीब जब वह छतरपुर से अपने घर मॉडल टाउन जा रही थीं। उसी दौरान कीर्ति नगर इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने काफी तेजी से उनकी कार का पीछा किया, फिर बदमाश अचानक आगे निकल गए और कार रुकवा कर उनके कार पर जोर से हाथ मारने लगे। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# गोलीकांडः वर्चस्व के लिए की इलाके में गोलीबारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अमन** विहार इलाके में एक युवक को गोली मारने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश हत्या के कई मामले में शामिल रहे हैं।
फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर थे और इलाके में वर्चस्व को लेकर गोलीबारी की थी। इनके कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल, दो कारतूस और वारदात में इस्तेमाल दो कारें बरामद की हैं। वहीं इससे पहले कालकाजी इलाके में एक फ्लैट में हुक्का बार में फायरिंग हुई थी। एक शख्स को गोली मार दी गई थी।
**पुलिस ने किया हत्या का प्रयास का मामला दर्जः** गिरफ्तार



बदमाशों की पहचान प्रेम नगर निवासी अमित मान, योगेश फोगाट और मंगोलपुर गांव निवासी रोहित के रूप में हुई है। 5 मई को पुलिस को अमन विहार इलाके में एक युवक को गोली मारे जाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल किरारी निवासी विक्की को महाराजा अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह बयान देने की हालत में नहीं था। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।
**वर्चस्व को लेकर इलाके में हुई गोलीबारीः** घटनास्थल की जांच करने के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इसके जरिए थाना प्रभारी वेद प्रकाश ने तीन बदमाशों की पहचान की। तकनीकी जांच में बदमाशों का लोकेशन मादीपुर इलाके में आ रहा था। उसके बाद पुलिस टीम ने वहां दबिश देकर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि अमित मान पर पहले से हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वह जेल से जमानत पर बाहर है। अमित का पीड़ित से पहले से विवाद चल रहा था। इलाके में वर्चस्व को लेकर आरोपी ने उसको गोली मारी है।

# बिहार में हरियाणा से पहुंचती थी शराब, आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ ने इंटरस्टेट शराब तस्करी का खुलासा किया है। जिसमें आरोपित मानेसर से व्हिस्की की खेप लेकर उसे समान की तरह पैक करके कार्गो के जरिये बिहार में ले जाकर उसे सप्लाई करते थे। स्पेशल स्टाफ ने 1250 क्वार्टर ब्रांडेड व्हिस्की का बरामद किया है। तस्करी में इस्तेमाल सुपर कैरियर टेंपो भी जब्त किया है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान राहुल राय और करीम के रूप में हुई है। यह दोनों ही हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले हैं। इन्हें एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में पुलिस टीम ने इस इंटरस्टेट शराब तस्करी के मामले का खुलासा किया है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि यह लोग हरियाणा से बॉर्डर पार करके दिल्ली होते हुए शराब की खेप को पटना ले जा रहे थे।

**शिकंजा**

**= डीसीपी ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान राहुल राय और करीम के रूप में हुई है**

# यूरोलॉजी में कैंसर मरीजों को जल्द मिलेगी एडवांस कीमोथेरेपी

## कीमोथेरेपी की इस एडवांस मशीन की मदद से मरीज के पेट के अंदर के हिस्सों में बड़े स्तर पर फैले कैंसर की रोकथाम के लिए आसानी से दवा दी जा सकेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सफदरजंग** अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग में कैंसर का उपचार करवाने आ रहे मरीजों को जल्द ही एडवांस कीमोथेरेपी की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। कीमोथेरेपी की इस एडवांस मशीन की मदद से मरीज के पेट के अंदर के हिस्सों में बड़े स्तर पर फैले कैंसर की रोकथाम के लिए आसानी से दवा दी जा सकेगी। अभी तक इसके लिए अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में मरीजों को अन्य माध्यमों पर निर्भर रहना पड़ता था। इसे देखते हुए सफदरजंग अस्पताल ने सीएसआर पहल के तहत पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड




के साथ समझौता किया है। इस समझौते के तहत यूरोलॉजी विभाग में कैंसर के मरीजों के लिए चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति होगी। यूरोलॉजी विभाग के लिए सफदरजंग अस्पताल उत्तर भारत का सबसे बड़ा केंद्र है। इस विभाग में हर साल एक लाख से अधिक मरीज उपचार करवाने आते हैं। एक अनुमान है कि विभाग में औसतन रोज 800 मरीज आते हैं। इनमें से करीब 100 मरीज कैंसर से पीड़ित होते हैं। इनमें से 30 से 40 फीसदी

**मरीजों को राहत**

**= अभी तक इसके लिए अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में मरीजों को अन्य माध्यमों पर निर्भर रहना पड़ता था**

किडनी, ब्लैडर और प्रोस्टेट कैंसर के मरीज होते हैं, जो गंभीर रूप से पेट के अंदर तक फैला होता है। इसकी रोकथाम के लिए एडवांस कीमोथेरेपी की जरूरत होती है। नई मशीन आने के बाद इन मरीजों को यह सुविधा मिल सकेगी। कृत्रिम बुद्धिमता आधारित इस मशीन की मदद से पेट के अंदर फैले कैंसर की रोकथाम के लिए भी आसानी से दवा दी जा सकेगी। इस बारे में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीएल शेरवाल का कहना है कि चिकित्सा उपकरण आने के बाद मरीजों का इलाज बेहतर होगा। वहीं यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार का कहना है कि मशीनें उन्नत यूरोलॉजिकल कैंसर के लिए बेहद फायदेमंद होंगी, जो मरीजों को निशुल्क में अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता वाली देखभाल की सुविधा प्रदान करेंगी।
**होती है जल्द सर्जरी की जरूरतः** अस्पताल का यूरोलॉजी विभाग प्रोस्टेट, किडनी और मूत्राशय के कैंसर के विभिन्न चरणों से पीड़ित गंभीर रोगियों का इलाज कर रहा है।

# यमुना को साफ रखने के लिए मस्जिदों में अपील

**अपील की**

**= एलजी की तरफ से यमुना की सफाई के लिए की गई पहल के बाद मस्जिदों में पहली बार इस तरह की अपील की गई है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यमुना** की सफाई के लिए मस्जिदों में जुमे की नमाज में इमामों ने उपराज्यपाल की ओर से उठाए गए कदमों को अमल में लाने की अपील की। एलजी की तरफ से यमुना की सफाई के लिए की गई पहल के बाद मस्जिदों में पहली बार इस तरह की अपील की गई है। हाल ही में एलजी ने यमुना की सफाई में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए पुजारी और पुरोहितों से दिल्लीवासियों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा था। शुक्रवार को जामा मस्जिद सहित कई और मस्जिदों में भी नमाज में सफाई पर खास जोर देते हुए मौजिज लोगों ने यमुना की सफाई के लिए लोगों को कदम आगे बढ़ाने की अपील की। सफाई की अहमियत को याद दिलाते हुए कहा कि यमुना की सफाई ऐसी होनी चाहिए, ताकि कोई भी इसमें आसानी से डुबकी लगा सके। एलजी की पहल की तारीफ करते हुए मस्जिदों में कूड़े के प्रबंधन और सफाई की अपील करते हुए घरों और आसपास स्वच्छता बनाए रखने में लोगों की भूमिका को अहम बताया गया। इस दौरान जामा मस्जिद से एलान किया गया कि एक लंबे अर्से के बाद यमुना को साफ करने के लिए हुकूमत ने तेजी से कदम उठाया है।

## न्यूज फ्लैश

### रजवाहा में पानी नहीं आया तो करें शिकायत

**मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे ने समस्त ब्लॉक प्रमुख तथा ग्राम प्रधानों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि निचली मांट शाखा खण्ड गंगा नहर मथुरा द्वारा संचालित नहरों का रोस्टर जारी किया गया है। यदि किसी ब्लॉक प्रमुख तथा ग्राम प्रधान को गांव में रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन नहीं होना पाया जा रहा है, तो आप कलेक्टेट्ट मथुरा स्थित नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष नम्बर 0565-2974934 पर तत्काल सूचित करें, ताकि आपकी समस्या का तत्काल समाधान कराया जा सके।

### पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान 30 जून तक

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अवगत कराया है कि गर्मियों में शिशुओं में केवल स्तनपान संबंधी व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक मई से 30 जून तक समस्त कन्वर्जेन्स विभाग, जन प्रतिनिधियों तथा डेवलपमेंट पार्टनर के सहयोग से पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान आयोजित किया जायेगा, जिससे केवल स्तनपान की दर में वृद्धि होने के अपेक्षित परिणाम प्राप्त होने के साथ ही शिशु मृत्यु दर में भी सुधार लाया जा सके। एक मई से 30 जून के मध्य अभियान का आयोजन निर्धारित रोस्टर के अनुसार कराते हुए अभियान को सफल बनाये जाने के मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं टीएसयू श्रीमती विधि तिवारी को निर्देश दिये हैं कि उक्त अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने में अपना अपना योगदान दें।

### कुआं में गिरी गाय, दमकलकर्मियों ने बचाई जान

**मथुरा।** शनिवार की सुबह करीब दस बजे थाना हाईवे क्षेत्र की कॉलोनी नगला शिवजी में बने एक सूखे कुएं में गिर गई। करीब 70 फीट गहरे कुएं में जहरीली गैस होने की भी आशंका थी। पहले स्थानीय लोगों ने गाय को अपने प्रयासों से निकालने की कोशिश की। जब उन्हें सफलता नहीं मिली तो दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद गाय को सकुशल बाहर निकाला। कुआं में उतरने से पहले दमकल टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कुआ में किसी तरह की कोई विषाक्त गैस नहीं है। रेस्क्यू करने में दमकल कर्मियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। करीब डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद जब कोई सफलता नहीं मिली तो फिर कुएं में दमकल कर्मी को उतारने का निर्णय लिया गया।

### चोरी के चार मोबाइल के साथ दो पकड़े

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार चोरी के एंड्रायड मोबाइल बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन ओम हरि बाजपेयी के मुताबिक कन्हैया पुत्र शीतल निवासी गिर्राज कालोनी वृन्दावन थाना वृन्दावन मथुरा हाल निवासी आन्यौर थाना गोवर्धन तथा महेन्द्र पुत्र बच्चू सिंह निवासी मंडी चैराहा दिल्ली वाली बाउंड्री द्वार कृष्ण नगर कृष्णा विहार थाना हाईवे को सौंख रोड वंशीवट कट के पास से गिरफ्तार किया गया। कन्हैया के खिलाफ पूर्व में ही आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

### स्व. चैधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोक दल के कैम्प कार्यालय राधापुरम स्टेट पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में रालोद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री स्व.अजित सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। राजपाल भरंगर ने कहा कि अजित सिंह किसानों की आवाज बुलंद करने वाले और सामाजिक एकता के प्रतीक रहे।

# राम के साथ परशुराम भी जरूरी: डा. अरविंद शर्मा

## धर्म की स्थापना और मानव कल्याण के पर्याय हैं परशुराम -चौधरी धर्मवीर सिंह

**पुरानी राम-लीला परिषद में आयोजित समारोह स्थल के मुख्य स्टेज तक सभी अतिथियों को बैंड बाजे और नारे लगाते हुए ले जाया गया**




**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव**
**महेन्द्रगढ़**

**परशुराम** शस्त्र और शास्त्र के समन्वय का नाम है, संतुलन का पैगाम है। आज जब शस्त्र का निरर्थक प्रयोग बढ़ चला है, भगवान परशुराम से प्रेरणा लेकर संतुलन की जरूरत है ताकि मानव मात्र का कल्याण हो सके। हम भगवान परशुराम को गौरव और शौर्य का प्रतीक माने हुए हैं, मगर ऐसे महान नायक के गुणों का भी समावेश अपने जीवन में करना होगा मानव कल्याण संभव है। इस महान व्यक्तित्व का आह्वान निश्चय ही मानव जाति के लिए कल्याणकारी होगा। उक्त विचार ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रोहतक लोकसभा से सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने व्यक्त किए।
कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए महेंद्रगढ़ भिवानी के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा की भगवान परशुराम को राजनीति के श्रेष्ठ मूल्यों का प्रतिष्ठाता भी माना जाता है। वे शासन में मानवीय गरिमा की सर्वोच्चता के पक्षधर थे। उनके द्वारा सुझाए गए अंतोदय के काम आज भी अनुकरणीय हैं। भगवान परशुराम ने समाज सुधार और जनता को रोजगार से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर रामविलास शर्मा ने कहा भगवान परशुराम भारतीय धर्म और अध्यात्म के क्षितिज पर देदीप्यमान हस्ताक्षर रहे हैं। उन्होंने धर्म और मयार्दा की स्थापना के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। भगवान परशुराम सृजन और शौर्य के प्रतीक हैं। राम के साथ परशुराम की भी जरूरत है क्योंकि शक्ति के बिना मयार्दा की स्थापना संभव नहीं। भारतीय राजनीति की श्रेष्ठ परंपरा में भगवान परशुराम के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम ऐसे महा पराक्रमी और तपस्वी नायक हुए हैं जिन्होंने मानवता के विरुद्ध होते हुए गलत कार्य को कभी बर्दाश्त नहीं किया। उनकी न्याय प्रियता किसी प्रमाण की मोहताज नहीं है। सभी अतिथियों और समारोह में पधारे लोगों का ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ के प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य ने अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण सभा के सचिव मनोज गौतम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम की धूरी के रूप में कार्य किया है। इनके साथ-साथ विजय भारद्वाज, विश्वनाथ मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, दीनदयाल, संतलाल, सुरेश शर्मा, कैलाश दत्त शास्त्री सुभाष तिवारी, राजेश दिल्लीवान और पूरी कार्यकारिणी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। मैं समस्त ब्राह्मण समाज और ब्राह्मण सभा का इस कार्यक्रम में पधारने और सफल बनाने पर आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन ब्राह्मण सभा के सचिव मनोज गौतम ने किया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के इस समारोह के लिए शहर के परशुराम चौक और ब्राह्मण सभा को बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया था ।कार्यक्रम की शुरूआत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शोभायात्रा से की गई ।इस भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया ।शोभा यात्रा में अतिथियों और गणमान्य को घोड़े बाग्गियों पर बैठा कर लाया गया। राधा कृष्ण, राम दरबार, भगवान परशुराम, शिव पार्वती आदि देवताओं की झांकियां निकाली गई। लगभग 400 युवाओं ने मोटरसाइकिल के साथ भव्य शोभायात्रा को चार चांद लगा दिए। शहर को झंडियों से सजाया गया। जगह- जगह पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। शोभा यात्रा में चलने वाले लोगों के लिए जगह -जगह पर ठंडे पानी, जलजीरा, जलपान की व्यवस्था की गई । पूरा शहर भगवान परशुराम के नारों से गूंज उठा। पंजाबी बैंड इस शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। शहर में जगह-जगह अतिथियों और समारोह में पहुंचने वाले सभी आमखास के स्वागत के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और संगठनों ने स्वागत द्वार लगाए। ब्राह्मण सभा के परशुराम भवन में सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की।

उसके बाद पुरानी राम-लीला परिषद में आयोजित समारोह स्थल के मुख्य स्टेज तक सभी अतिथियों को बैंड बाजे और नारे लगाते हुए ले जाया गया। बीआर स्कूल सेहलंग के चेयरमैन हरीश भारद्वाज और हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स महेंद्रगढ़ के जिला सचिव मनोज गौतम के निर्देशन में बी आर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग के बच्चों ने सेवा के कार्य में पूरा सहयोग किया। सभी आने वाले अतिथियों का तिलक मंत्रोच्चारण के साथ पटका पहना कर स्वागत किया गया।

## सख्त पहरे के बीच स्ट्रांग रूम में बंद है प्रत्याशियों का भाग्य



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
नगर निकाय चुनाव के बाद निर्वाचन अधिकारियों को मतपेटियों को मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूमों में सुरक्षित रखवाया दिया। मतपेटियों की सुरक्षा में पुलिस का सख्त पहरा है। वहीं प्रत्याशियों के समर्थक भी निगरानी करने में जुटे हैं। गोवर्धन की सब्जी मंडी में 13 मई को बरसाना सौंख राधा कुंड और गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभासद पद के प्रत्याशियों के लिए डाले गए वोटों की काउंटिंग होगी। उत्तर प्रदेश नगर निकाय के पहले चरण का मतदान मथुरा जिले में सकुशल संपन्न हो चुका है। 4 मई को मतदान के बाद निर्वाचन अधिकारियों के निर्देशन में मतपेटियों को मंडी समिति परिसर में बनाए गया स्ट्रांग रूमों में सुरक्षित रखवाया गया। गोवर्धन मंडी समिति में चार नगर पंचायत गोवर्धन, बरसाना, राधा कुंड और सौंख की मतपेटियां रखी गई हैं। 13 मई को मतपेटियों खुलकर मतों की काउंटिंग होगी। इससे पहले कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए मंडी समिति में स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा में पुलिस का सख्त पहरा प्रशासन ने लगाया है। पुलिस ड्यूटी में मुस्तैद जवान सीसीटीवी की निगरानी में हर गतिविधि पर नजर बनाए हुएं। किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए प्रत्याशियों के समर्थकों ने मंडी के समीप डेरा डाल रखे हैं, वह भी पूरी तरह सजग और सतर्क हैं।

## आगरा उत्तरी बाईपास पर कट की मांग हुई तेज



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**आगरा** उत्तरी बाईपास पर कट की मांग को लेकर बल्देव क्षेत्र के कई गावों के किसान आंदोलित है। किसान संगठनों का भी अब ग्रामीणों को साथ मिलने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि आगरा उत्तरी बाईपास क्षेत्र के कई गांव से होकर के गुजर रहा है। वहां किसानों की बेशकीमती जमीन उत्तरी बाईपास के कारण दो भागों में बांट चुकी है। जिसके कारण किसानों को अपने खेत पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए अंडर पास से होकर के गुजारना पड़ेगा लेकिन कार्यदाई संस्था अंडरपास को भी बहुत छोटा बना रही है। जिसके कारण किसानों की भूसा भरी ट्रॉली इन अंडर पास से होगा नहीं गुजर सकती साथ ही किसनों ने बताया कि आवागम में भी परेशानी पैदा होगी। उत्तरी बाईपास पर बलदेव कैलाश संपर्क मार्ग, बलदेव बरौली रनकता आगरा संपर्क मार्ग, बलदेव कंजौली बाया मडोरा रैपुरा जाट संपर्क मार्ग पर कट होना आवश्यक है साथ ही किसानों की भूमि दो भागों में बांट गई है जिसके लिए सिंचाई आदि उत्तरी बाईपास निर्माण के समय पुलिया का निर्माण होना भी आवश्यक है।

## एक छोटी सी मुस्कान दूसरों को करा सकती है खुशी का एहसास



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा मा**टेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में विश्व हास्य दिवस (वर्ल्ड लाफ्टर डे) के उपलक्ष्य में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक पोस्टर व कार्टून बनाकर जीवन में हंसने के फायदे के बारे में सभी को जागरूक किया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने विद्यार्थियों को विश्व हास्य दिवस की शुभकामनाएं दी और पोस्टर व कार्टून बनाने वाले बच्चों की हौसलाफजाई की। चेयरमैन सुधीर जैन ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी एक छोटी सी मुस्कान दूसरों को खुशी का एहसास करा सकती है । यह खुद के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। उन्होंने कहा जिस तरह अच्छी हवा और अच्छा खानपान सेहतमंद रहने के.लिए जरूरी होता है, उसी प्रकार आपकी हंसी भी आपको स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाती है । अगर हम सभी सुबह-शाम हंसने की आदत डाल लें तो कोई भी बीमारी, चाहे मानसिक हो या शारीरिक हमारे पास भी नहीं आएगी । सीईओ संजय जैन ने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मानते हैं कि रोजाना हंसने से सेहत तो अच्छी रहती ही है साथ ही इससे शरीर में एनर्जी भी बनी रहती है। खुलकर हंसने से हमारे शरीर में ब्लड सकुर्लेशन सही बना रहता है । हंसने से हमारा इम्यून सिस्टम बेहतर बनता है जो कई तरह की बीमारियों से लड़ने में फायदा पहुंचाता है। प्राचार्या रिचा चावला ने बताया कि हर साल मई के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मकसद समाज में बढ़ते तनाव को कम करना और खुशहाल जीवन जीने की कला सिखाना है। एक मकसद हंसी की मदद से समाज में वसुधैव कुटुंबकम की भावना को आगे बढ़ाना भी है।

## पशुपालन से खोलें तरक्की के द्वारा, सरकार दे रही साथ

**मथुरा।** घटती जोत और महंगी होती खेती के बीच पशुपालन किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसमें बड़े ही नहीं छोटे किसानों को भी सम्बल मिल रहा हैं। सरकार भी पशुपालन को बढावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। पशुपालन में रुचि दिखा रहे किसानों और दूसरे उद्यमियों को योजना के तहत बैंक सब्सिडी के तहत लोन भी दे रही हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.विपिन कुमार गर्ग ने बताया कि महत्वाकांक्षी एनएलएम योजना में पशुपालकों को सरकार द्वारा बैंक माध्यम से बीस लाख से एक करोड़ रुपये तक का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के तहत पशुपालकों 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। जनपद में पशुपालक किसान इस योजना में रुचि ले रहे हैं। योजना के अंतर्गत मछली, बकरी, भेड़ और शूकर आदि का पालन किसान कर सकते हैं। जनपद में बकरी पालन में अधिक लोग रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए तय मानकों को पूरा करने वाले लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीस लाख से एक करोड तक के लोन की व्यवस्था है। योजना के तहत नस्ल सुधार पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके लिए जनपद के बलदेव क्षेत्र में प्रोजेक्ट में एक व्यक्ति ने रुचि दिखाई है। इस प्रोजेक्ट के तहत एक करोड़ रुपये तक का लोन स्वीकृत हो सकता है। नस्ल सुधार के माध्यम से प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित है। यहां विकसित होने वाले अच्छी नस्ल के पशुओं को किसानों को दिया जाता है जिससे अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सके।

## पहल: अब एमएसपी पर आपके घर आकर गेहूं खरीदेगी सरकार!



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**किसान** सरकारी खरीद केंद्र पर गेहूं बेचने नहीं जाना चाहते तो कोई बात नहीं अब सरकार खुद आपके द्वारा एमएसपी पर आपकी फसल को खरीदने के लिए पहुंचेगी। किसानों के लिए सरकार कई तरह की पहल कर रही है, जिससे कृषकों को होने वाली अनावश्यक परेशानियों से निजात दिलाई जा सके। जनपद में पहली बार मोबाइल खरीद की शुरूआत की गई है। इस प्रयास के तहत मोबाइल खरीद केन्द्र किसानों की मांग पर गांव पहुंचेगा और एमएसपी पर गैहूं की खरीद करेगा। अभी तक सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीदारी की जा रही रही थी। जिला खाद्य वितरण अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कोई किसान जिसके पास 100 क्विंटल गल्ला है वह फोन पर सूचना दे सकता है। इसके बाद मोबाइल टीम गांव पहुंच कर किसान का गल्ला एमएसपी पर खरीदेगी। अगर ग्राम पंचायत में छोटी जोत के कई किसान मिल कर 100 क्विंटल या इससे अधिक गल्ला एकत्रित करते हैं तो भी इसकी खरीद उनके गांव पहुंच कर ही की जाएगी। इससे किसानों को बिचैलियों से भी मुक्ति मिलेगी और मौसम खराब होने या दूसरी किसी वजह से होने वाली परेशानी से भी किसान बच सकेंगे। सरकार की इस पहले से किसानों को लाभ मिलेगा और सरकारी गेहूं की खरीद भी बढेगी।

**2.45 प्रतिशत ही हुई है खरीद**
जनपद में 83 क्रय केंद्र खोले गए हैं। जनपद को 93 हजार मीट्रिक टन सरकारी गेहूं की खरीद का लक्ष्य मिल है। एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हुई थी अभी तक 2278.58 मीट्रिक टन यह लक्ष्य के 2.45 प्रतिशत की ही खरीद हुई है। एक अप्रैल 15 जून तक खरीद होती है।

## जीएम हॉस्पिटल में हुआ नेत्र स्वास्थ्य शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
गोवर्धन क्षेत्र के नीमगांव कुंजेरा रोड स्थित जीएम हॉस्पिटल में नेत्र स्वास्थ्य शिविर लगा। महंत प्रेम दास महाराज, विशिष्ठ अतिथि डॉ रचना गोयल, पीएसआरआई हॉस्पिटल नई दिल्ली की कंसलटेंट सचिव बीबी शर्मा, बिन्देश कुमार दीक्षित, डॉ अभिषेक चैधरी, मेडिकल डारेक्टर ऑफ जीएम हॉस्पीटल आकाश कुमार गौतम, पवन शर्मा के द्वारा नेत्र स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया गया। डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पीटल के सहयोग से प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञों व उनकी टीम के द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. सूफियान दानिश व उनकी टीम के द्वारा नेत्र से सम्बन्धित रोग का इलाज किया गया।जिसमें 128 रजिस्ट्रेशन हुए मोतियाबिंद 40 ग्लूकोमा 35 रेटीना 8 भैंगापन 7 कार्निया 15 मरीजों की समस्याओं का निदान किया गया साथ ही मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए 4



मरीजों को डॉ सूफियान दानिश के द्वारा डॉ श्राफ चेरीटी आई हॉस्पीटल भेजा गया।वही शिविर में डॉ अभिषेक चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में नेत्र से संबंधित परेशानियों का इलाज व परामर्श निशुल्क दिया गया तथा शिविर में निशुल्क दवाई व चश्में जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराई गई।

## भाषा प्रश्नोत्तरी में कुशाग्र सदन ने बाजी मारी

**कुशाग्र सदन के कनिष्क और वरिष्ठ दोनों वर्ग के छात्रों ने संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुई अन्तर सदन भाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुशाग्र सदन के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। कुशाग्र सदन के कनिष्क और वरिष्ठ दोनों वर्ग के छात्रों ने संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया और सर्वाधिक अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहा वहीं तेजस्वी सदन द्वितीय रहा जबकि तीसरे स्थान पर प्रगति सदन रहा। बालसभा के कन्वीनर संदीप कुमार ने बताया कि इससे पहले सभी चार सदनों के छात्रों के मध्य सह सदनीय भाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई थी जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे सदन के छात्रों को निर्णायक मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सूबे प्रताप, वरिष्ठ अध्यापक प्रेम कुमार, दयाशंकर शास्त्री, गौरवे प्रदीप, दलबीर सिंह, कपिल कुमार, रवि शास्त्री, शुभम शास्त्री, रवीन्द्र आर्य, सुनील आहूजा, पवन आर्य सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## लड़की की शादी में लड़के पक्ष ने मचाया उत्पात, बिना दुल्हन वापस लौटी बारात

**लड़की पक्ष के द्वारा घायलो को एक निजी अस्पताल लेकर पंहुचे जंहा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
बीती रात निजामपुर खंड के गांव सरेली मे एक शादी समारोह मे दौरान लड़की व लड़का पक्ष मे झगड़ा हो गया। मामला यहा तक पंहुचा कि लड़की पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग जिनमे विनय कुमार, जगदीश, अनिल, राजेन्द्र, विकाश, जिसमे करीब 8 वर्ष का लड़का नैतिक के साथ रोशनी नाम की एक महिला भी शामिल थी , घायल हो गए। लड़की पक्ष के द्वारा घायलो को एक निजी अस्पताल लेकर पंहुचे जंहा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। वही लड़के के चाचा को भी चोट आने की जानकारी मिल रही है। मामला बिगड़ता देख लडकी पक्ष ने 112 पर फोन किया जंहा मौके पर पंहुची पुलिस ने दोनो पक्ष मे बीच बचाव किया। मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही लड़की स्टेज पर जा रही थी, दोनो पक्ष मे झगड़ा हो गया। बरातियो की तरफ से खाने को फैक और टैंट की करीब 50 कुर्शियो के साथ अन्य सामान को तोड़ दिया गया।

**कैसे बिगड़ा मामला**
जानकारी मिली है कि लडकी पक्ष की तरफ से लगन मे लड़के वालो को 51सौ रुपए नेग के तौर पर दिए गए थे। वही जैसे ही बीते कल लड़की पक्ष गौरवे पर गए। जंहा लड़की पक्ष की तरफ से अपनी हैसियत अनुसार 501 रुपए गौरवे मे दिया गया तो लड़के पक्ष ने उस पर नाराजगी जाहिर की जंहा से मामला बिगड़ता चला गया। बारात बावरिया समाज की तरफ से दुजाना झज्जर जिले से निजामपुर खंड के गांव सरेली आई थी। मामला बिगड़ने पर शादी नही हो पाई। ओर बारात को बिना दुल्हन के वापिस लोटना पड़ा। वही दोनो दुल्हे शुभम व रोहित व उनके पिता गुलाब सिंह व चाचा अभी भी गांव सरेली मे मौजूद है। ग्रामीणो व लड़की पक्ष की माने तो लड़के पक्ष के लोगो को बुलाया गया है। जंहा पंचायत मे फैसला लिया जाएग। खबर लिखे जाने तक दुल्हे पक्ष की तरफ से समाज के लोग पंचायत मे नही पंहुचे थे। वही ग्रामीणो की माने तो लड़की के पिता चुन्नीलाल जोकि असहाय बताया जा रहा है। जिसने अपनी अहसियत से उपर उठकर शादी मे पैसे खर्च किए थे।

# यदि हंसने की एक वजह मिल जाए



सुरेश गांधी

> डिप्रेशन के शिकार नहीं होते हैं जोर-जोर से ठहाके लगाकर हंसना और दूसरों को हंसाते रहने से सेहत पर प्रभावी असर पड़ता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लाफ्टर थेरेपी से तनाव दूर होता है हंसने से तनाव हार्मोन जैसे एपिनेफ्राइन (एड्रेनलाइन), कोर्टिसोल, ग्रोथ हार्मोन आदि को कम करने में भी मदद मिलती है यह शरीर में एंटीबॉडी-उत्पादक कोशिकाओं को बढ़ाने और टी-कोशिकाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाने में भी मदद करता है. ऐसे में यदि आप एंग्जायटी, तनाव ग्रस्त रहते हैं, तो खुश रहने की कोशिश करें. इसके लिए आप कॉमेडी से भरपूर फिल्में देखें, चुटकुले पढ़ें-सुनें, लाफिंग योग क्लास ज्वाइन करें. इनसे काफी हद तक आपको स्ट्रेस से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी. हंसी चिकित्सा के जरिए आप फ्रेश ऑक्सीजन को अपने अंदर ले पाते हैं

**आज के** भागदौड़ भरे जीवन में लोग तनाव और डिप्रेशन जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इससे न सिर्फ इंसान का काम प्रभावित होता है, बल्कि इसका असर उसके जीवन और परिवार पर भी पड़ता है। आजकल तो चारों तरफ के हालात देखकर व्यक्ति वैसे ही परेशान रहता है। लेकिन हमें अपनी जिंदगी में जरूर खुश रहना चाहिए और हंसना चाहिए। डिप्रेशन और तनाव दूर करने के लिए हंसना सबसे प्रभावी माना जाता है। हंसने से न सिर्फ वह इंसान खुशी महसूस करता है बल्कि उसके आसपास के लोगों पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ता है। हंसने से रोग दूर होते हैं और दिल के साथ-साथ दिमाग भी स्वस्थ रहता है। लोग इस बात को नहीं जानते हैं कि बात करते समय हम जितनी ऑक्सीजन लेते हैं, उससे छह गुना ज्यादा ऑक्सीजन हम हंसते समय लेते हैं। इंसान के जीवन में हंसी के पल बढ़ाने के लिए विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। शरीर में एंडोर्फिन का स्राव होने से हंसी दर्द को कम करने के साथ ही मांसपेशियों के तनाव को भी कम करती है. यह मई महीने के पहले रविवार को मनाया जाता है। विश्व हास्य दिवस लोगों में हंसी के स्वास्थ्य लाभ और चिकित्सीय प्रभावों को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है आधुनिक जीवनशैली में तकनीकी विकास ने हमें बहुत सारी चीजें दी हैं, बहुत-सी सुविधाएं प्रदान की हैं। लेकिन बहुत कुछ छीन भी लिया है। इनमें हंसी और खुशी भी शामिल हैं। तमाम भौतिक संसाधनों और सुख-सुविधाओं ने जीवन को आरामदेह और आसान तो बना दिया लेकिन हमसे हमारा वक्त, खुशियां और मुस्कराहटें छीन लीं। ऐसे में हास्य योग मनुष्य के जीवन में बहुत उपयोगी है, इंसान को जिंदगी हंसते-हंसाते हुए गुजारनी चाहिए। जिंदगी में हंसते हुए रहने से शरीर भी पूर्ण रूप से स्वस्थ्य रहता है। हास्य योग के अनुसार, हास्य सकारात्मक और शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने के सभी तत्व उपस्थित रहते हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो यह सकारात्मक ऊर्जा पूरे क्षेत्र में



फैल जाती है और क्षेत्र से नकारात्मक ऊर्जा को हटाती है। बता दें, हमारी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आते हैं, जिनके कारण हम कई बार खुश होते हैं तो कई बार उदास भी होते हैं। लेकिन सच तो यह है कि भले ही हालात कैसे भी हो, व्यक्ति को हमेशा खुश और हंसता हुआ रहना चाहिए। विश्व हास्य दिवस को अमल में लाने का श्रेय योग आंदोलन के संस्थापक डॉक्टर मदन कटारिया को जाता है। 11 जनवरी 1998 को उन्होंने पहली बार विश्व हास्य दिवस मनाया था। इसके पीछे उनका उद्देश्य समाज के बढ़ते तनाव को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। ऐसे में तब से लेकर अब हर साल मई महीने के पहले रविवार को सकारात्मक ऊर्जा और भाव प्रकट करने के लिए इस दिन को मनाया जाता है। हंसना हमारे शरीर के लिए इसलिए भी जरूरी होता है, क्योंकि इससे हमारे शरीर में रक्त का संचार तीव्र गति से होता है। वो कहावत तो आपने सुनी ही होगी कि हंसने से खून बढ़ता है। इसलिए व्यक्ति को हंसते रहना चाहिए। जो लोग तनाव से ग्रसित होते हैं, उन्हें भी मनोवैज्ञानिक हंसते रहने की सलाह देते हैं। दरअसल, जब आप मुस्कुराते हैं, तो आपका मस्तिष्क अपने आप सोचने लगता है कि आप खुश हैं और फिर ये प्रक्रिया पूरे शरीर में प्रवाहित करता है और आप सुकून महसूस करने लगते हैं। हंसते समय व्यक्ति को क्रोध भी नहीं आता है, और अगर वो हंसता रहे तो वो क्रोध करना तक छोड़ सकता है। साथ ही हंसने से शरीर में नई स्फूर्ति का संचार होता है। ऐसे में हंसना स्वस्थ रहने का एक बेहद ही आसान तरीका है. इसमें आपका एक पैसा भी खर्च नहीं होगा, बस आपको हर हाल में हंसान और मुस्कुराते रहना है, फिर देखिए आप किस तरह से अपने सारे दुख-दर्द, शारीरिक और मानसिक समस्याओं को मात दे सकते हैं. हंसी से व्यक्ति चाहे तो अपने आसपास के पूरे वातावरण को पॉजिटिव एनर्जी से भर सकता है. दूसरों के चेहरे पर मुस्कुराहट ला सकता है. इस दिन का उद्देश्य इस बात पर प्रकाश डालने के लिए होता है कि सकारात्मक भावनाएं इंसान में सकारात्मक बदलाव कैसे ला सकती हैं. लाफ्टर थेरेपी का एक सबसे बड़ा फायदा ये है कि आप मानसिक स्ट्रेस, एंग्जायटी को कम कर सकते हैं.

डिप्रेशन के शिकार नहीं होते हैं. जोर-जोर से ठहाके लगाकर हंसना और दूसरों को हंसाते रहने से सेहत पर प्रभावी असर पड़ता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लाफ्टर थेरेपी से तनाव दूर होता है.

हंसने से तनाव हार्मोन जैसे एपिनेफ्राइन (एड्रेनलाइन), कोर्टिसोल, ग्रोथ हार्मोन आदि को कम करने में भी मदद मिलती है. यह शरीर में एंटीबॉडी-उत्पादक कोशिकाओं को बढ़ाने और टी-कोशिकाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाने में भी मदद करता है. ऐसे में यदि आप एंग्जायटी, तनाव ग्रस्त रहते हैं, तो खुश रहने की कोशिश करें. इसके लिए आप कॉमेडी से भरपूर फिल्में देखें, चुटकुले पढ़ें-सुनें, लाफिंग योग क्लास ज्वाइन करें. इनसे काफी हद तक आपको स्ट्रेस से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी. हंसी चिकित्सा के जरिए आप फ्रेश ऑक्सीजन को अपने अंदर ले पाते हैं. इससे मांसपेशियां, फेफड़े और हृदय उत्तेजित होते हैं. एंडॉर्फिन रिलीज होता है, साथ ही हंसने से शरीर में ब्लड सकुर्लेशन बेहतर बना रहता है, जिससे आप हार्ट डिजीज से बचे रह सकते हैं.

**हंसने से कैलोरी भी बर्न होती है**

जी हां, यदि आप प्रतिदिन 10 से 15 मिनट भी हंसते हैं, तो लगभग 40 कैलोरी बर्न कर सकते हैं. तो कैलोरी बर्न करके शरीर का वजन कंट्रोल में रखना है, तो आप प्रतिदिन 15 मिनट किसी ना किसी बहाने हंसने की कोशिश जरूर करें. इससे व्यक्ति एक वर्ष में 4-5 पाउंड कम कर सकता है. हंसी चिकित्सा के जरिए मूड फ्रेश हो सकता है. यदि आप उदास हैं, तो आपको हंसी-खुशी वाले महौल में थोड़ी देर बैठकर देखें, आपका मूड फ्रेश होगा, साथ ही उदासी भी दूर हो जाएगी. लाफ्टर थेरेपी के जरिए डिप्रेशन, स्ट्रेस और चिंता को कम करने के साथ-साथ आत्म-सम्मान में सुधार लाया जा सकता है, जिससे नकारात्मक भावनाएं भी दूर हो सकती हैं. यदि आपको रात में नींद नहीं आती है, तो इसका इलाज भी लाफ्टर थेरेपी में छिपा है. एक अध्ययन के अनुसार, सेरेब्रल कॉर्टेक्स खूब हंसने के कुछ ही सेकेंड बाद एलेक्ट्रिकल इम्पल्सेज या वैद्युत संवेग रिलीज करती है. ऐसे में जब भी आपको रात में नींद न आए, तो सोने से पहले कोई कॉमेडी फिल्म या किताब पढ़ें, इससे आपको अच्छी नींद आने में मदद मिल सकती है. इतना ही नहीं, कई स्टडीज में ये बात भी सामने आई है कि हंसने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है. हंसने से एंटीबॉडी प्रोड्यूस करने वाले टी सेल्स के नंबर में इजाफा होता है।

## संपादकीय

# योगी आदित्यनाथ की अयोध्या यात्रा के निहितार्थ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर निगम चुनाव की दृष्टि से अनेक क्षेत्रों में जनसभा कर रहे हैं। वह स्थानीय मुद्दों के साथ ही प्रदेश मे विकास और कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हैं। इस क्रम में उनकी अयोध्या यात्रा का व्यापक महत्व है। छह वर्ष पहले तक अयोध्या उदास और उपेक्षित थी। विदेशी आक्रांताओं ने यहां विध्वंस किया। आजादी के बाद अपने को सेक्युलर बताने वाली सरकारों को काशी, मथुरा और अयोध्या का नाम लेने में झिझक होती थी। यहां पर्यटन के अनुरूप विकास करने में संकोच होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने इस धारणा को बदल दिया। केवल अस्था ही नहीं तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थ नगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया। योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए दीपोत्सव से अयोध्या की उदासी का अंधेरा छंटने लगा। सैकड़ों वर्षों की श्री रामलीला परम्परा मे नया अध्याय जुड़ा। श्री राम, जानकी, हनुमान जी, और लक्ष्मण का अभिनय करने वाले प्रतीकात्मक पुष्पक विमान से आते हैं। प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री उनका अभिनन्दन करते है। आरती उतारते हैं।

**अवधपुरी प्रभु आवत जानी। भई सकल सोभा कै खानी॥**
**बहइ सुहावन त्रिबिध समीरा। भइ सरजू अति निर्मल नीरा॥**

फिर जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण का समय भी आ गया। दूसरी तरफ श्री राममंदिर निर्माण को रुकवाने के लिए जमीन आसमान करने वाले लोग भी थे। अब मन्दिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। मेडिकल कालेज, इंटरनेशनल एयर पोर्ट बन रहा है। अयोध्या की उदासी दूर हुई। उत्साह, उमंग का वातावरण बना। इसकी अभिव्यक्ति दीप जला कर की गई। इसी के साथ एक सन्देश भी निर्मित हो गया। तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधेरे से ज्योति की ओर बढ़ने का प्रतीक बन गया। दूसरा सन्देश असत्य पर सत्य की जीत का था। कार्तिक मास की गहन अंधकार वाली अमावस्या की रात्रि अयोध्या दीयों की रोशनी से नहा गई थी। दीपावली दीपों का पर्व भारतीय पहचान और अस्मिता से जुड़ गया। अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हजारों करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन चल रहा है। इसमें मूलभूत सुविधाओं का विकास, ढांचागत निर्माण कार्य, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी आदि सभी क्षेत्र शामिल है। अयोध्या के मास्टर प्लान में सभी विकास परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इसमें पुरातत्व महत्व के मंदिरों और परिसरों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण शामिल है। बीस हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में क्रूज पर्यटन परियोजना, राम की पैड़ी परियोजना, रामायण आध्यात्मिक वन, सरयू नदी आइकॉनिक ब्रिज, प्रतिष्ठित संरचना का विकास पर्यटन सर्किट का विकास, ब्रांडिंग अयोध्या, चौरासी कोसी परिक्रमा के भीतर दो सौ आठ विरासत परिसरों का जीर्णोद्धार, सरयू उत्तर किनारे का विकास आदि शामिल हैं। इसके साथ ही अयोध्या को आधुनिक स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। सरकार ने सैकड़ों पर्यटकों के सुझाव के बाद एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया है।अयोध्या के विकास की परिकल्पना एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन हब और एक स्थायी स्मार्ट सिटी के रूप में की जा रही है।

## कविता

**एक शख्स की तलाश में था।**

वफा की खातिर एक शख्स की तलाश में था वो,
मुझे देख बगले झांक रहा था वो,

चंद टुकड़ों के लिए बना शातिर,
अपने को संत समझ रहा था वो,

खुद की शक्ल में दूसरा आदमी था वो,
मासूम सी शक्ल के पीछे शैतान था वो,

पल में माशा पल में तोला ऐसा क्यो,
बड़ी मछली बन छोटी को निगल रहा था वो,

खुद की बेटी बेटी है दूसरों की पराई नार,
पितामह बन दूसरों की बेटियों पर बुरी नजर रखता था वो,

आदमी ऊपर से दिखता तो शरीफ है
शराफत का चोंगा पहनकर घूमता है वो।

इंसानियत का बड़ा दुश्मन दिखाई देता है,
आम लोगों को भी बहुत देर से समझ आता है वो।

ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती,
ईश्वर के हाथों ही बुरी गति को प्राप्त होता है वो,

**संजीव ठाकुर**

# महाकवि थे गुरु रविंद्र नाथ टैगोर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**महाकवि** रवींद्रनाथ टैगोर को जनगण का कवि कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। गुरुदेव टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनके लिखे दो गीत दो देशों के राष्ट्रगान बने हैं। उनका लिखा गीत जन गण मन भारत का राष्ट्रीय गान बना है। वही उनका लिखा एक दूसरा गीत आमार सोनार बांग्ला बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान है। दुनिया में गुरुदेव जैसे विरले ही लोग होते हैं जिन्हें इतना बड़ा सम्मान मिला है। जिनके लिखे गीत दो देशों के राष्ट्रगान बनकर अमर हो गए। भारत और बांग्लादेश में जब भी कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम होता है तो गुरुदेव टैगोर द्वारा लिखित गीत राष्ट्रीय धुन के रूप में गाए जाते हैं। गुरुदेव के लिखे इन गीतों के माध्यम से उन्हें हर समारोह में याद किया जाता है। ऐसा कोई भी भारतीय नहीं होगा जो रविंद्रनाथ टैगोर को नहीं जानता होगा। राष्ट्रीय कवि रविंद्रनाथ टैगोर ऐसी शख्सियत थे जिन्होने कई कविताएं, उपन्यास, कहानी लिख कर साहित्य के विभिन्न विद्याओं में अपनी उत्कृष्ट योगदान देकर संसार भर में ख्याति प्राप्त की। रविंद्रनाथ टैगोर ने अपनी रचना से ना केवल हिंदी साहित्य के विकास में योगदान दिया। बल्कि अनेकों कवियों और साहित्यकार को भी प्रोत्साहित किया है। वह एक ऐसे प्रकाश स्तंभ थे जिन्होंने पूरे संसार को अपनी रचनाओं के माध्यम से आलोकित किया। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता हैं। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा वे ही थे। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं। रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, और दार्शनिक थे। गुरूदेव रविंद्रनाथ जी की रचनाओं की यही विशेषता थी कि वह अपनी रचनाओं में मानवीय दुखों और निर्बलता को बहुत ही कलात्मक ढंग से लिखते थे। अपनी सभी रचनाओं को मन और आत्मा से लिखते थे। यही कारण है कि उनकी ज्यादातर रचनाएं विश्व प्रसिद्ध हो गई। वे अपने माता-पिता की तेरहवीं संतान थे। उनका जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। रवींद्रनाथ टैगोर जी अपनी शुरूआत की पढ़ाई कोलकाता में प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल की। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया। फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया। किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश पुनः लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर की माता का निधन उनके बचपन में हो गया था और उनके पिता व्यापक रूप से यात्रा करने वाले व्यक्ति थे। अतः उनका लालन-पालन अधिकांशतः नौकरों द्वारा ही किया गया था।

## विचार

# आदि पत्रकार -देवर्षि नारद

**मृत्युंजय दीक्षित**

**सृष्टिकर्ता** प्रजापति ब्रहमा के मानस पुत्र नारद। महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त, शास्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत नारद। ब्रह्मतेज से संपन्न नारद। नारद जी के महान कृतित्व व व्यक्तित्व पर जितनी भी उपमाएं लिखी जाए कम हैं। देवर्षि नारद ने अपने धर्म से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया । वे प्राणी मात्र के कल्याण के लिए सदा उपस्थित रहे। वे देवता, दानव और मानव समाज के हित के लिये सर्वत्र विचरण, चिंतन व विचार मग्न रहते थे। देवर्षि नारद की वीणा से निरंतर नारायण की ध्वनि निकलती रहती थी।भगवदभक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही नारद का अवतार हुआ। नारद चिरंजीवी हैं। नारद जी का संसार में अमिट प्रभाव है। देव, दानव, मानव सबके सत्कार्यों में देवर्षि नारद सहायक सिद्ध होते हैं। नारद जी का जीवन जनकल्याण व मंगलमय जीवन के लिये ही है। नारद जी पर नारायण की विशेष कृपा है। वे शत्रु तथा मित्र दोनों में ही लोकप्रिय थे। देवर्षि नारद त्रिकालदर्शी व पृथ्वी सहित सभी ग्रह नक्षत्रों में घट रही घटनाओं के ज्ञाता तो थे ही उनके मन में कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान भी चलायमान रहते थे। देवर्षि नारद व्यास, वाल्मीकि, शुकदेव जी के गुरु रहे। नारद ने ही प्रहलाद, ध्रुव, राजा अम्बरीष आदि को भक्ति मार्ग पर प्रवृत्त किया। नारद ब्रहमा, शंकर, सनतकुमार, महर्षि कपिल, मनु आदि बारह आचार्यों में अन्यतम हैं। प्रचलित कथा के अनुसार देवर्षि नारद अज्ञातकुलशील होने पर भी देवर्षि पद तक पहुंच गये थे। बाल्यकाल में भी उनके मन में चंचलता नहीं थी, वे मुनि जनों की आज्ञा का पालन किया करते थे। उनकी अनुमति प्राप्त कर-के वे बर्तनों में लगी हुई जूठन दिन में एक बार खा लिया करते थे। इससे उनके जन्म के सारे पाप धुल गये। नारद की सेवा से प्रभावित होकर मुनिगण उन पर अपनी कृपा रखने लगे। संतों की सेवा करते - करते उनका हृदय शुद्ध रहने लगा। भजन - पूजन में उनकी रुचि बढ़ती गयी। उनके हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव हो गया। वे अपनी माता के साथ ब्राह्मण नगरी में रहते थे। माता के कारण वे भी कहीं अन्यत्र नहीं जा सके। कुछ दिनों बाद एक दिन उनकी माता को सर्प ने काट लिया जिससे उनकी मृत्यु हो गयी नारद जी ने उसे विधि का विधान माना और गृह का त्याग करके उत्तर दिशा की ओर चल दिये। इसके बाद उन्होनें अपनी सतत साधना और तपस्या के बल पर देवर्षि का पद प्राप्त किया। किसी - किसी पुराण में देवर्षि नारद को उनके पूर्वजन्म में सारस्वत नामक एक ब्राहमण बताया गया है। जिन्होनें ह्लॐ नमो नारायणायह्व मंत्र के जाप से भगवान नारायण का साक्षात्कार किया। कालांतर में पुनः ब्रहमा जी के दस मानस पुत्रों के रूप में जन्म लिया। नारद शुद्धात्मा, शांत, मृदु तथा सरल स्वभाव के हैं। मुक्ति की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए नारद जी स्वयं ही प्रयत्नशील रहते हैं।नारद जी को ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन होते थे। उन्हें ईश्वर का मन कहा गया है। वे परम हितैषी हैं उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं हैं। वे प्रभु की प्रेरणा से निरंतर कार्य करते रहते हैं। नारद जी ने दक्ष प्रजापति के हयाश्व- शबलाक्ष नामक सहस्त्र पुत्रों को अध्यात्म तत्व का पाठ पढ़ाया। देवर्षि नारद ने सभी के लिये भगवदभक्ति का द्वार खोल रखा था। वे जीवमात्र के कल्याण के लिये भगवान नाम कीर्तन की प्रेरणा देते रहते हैं। देवर्षि नारद का वर्ण गौर सिर पर सुंदर शिखा सुशोभित है। उनके शरीर में एक विशेष प्रकार की उज्जवल ज्योति निकलती रहती थी। वे देवराज इंद्र द्वारा प्राप्त श्वेत दिव्य वस्त्रों को धारण किये रहते हैं। वे अनुषांगिक धर्मों के ज्ञाता थे। नारद लोप, आगम, धर्म तथा वृत्ति संक्रमण के द्वारा प्रयोग में आये हुये एक- एक शब्द की अनेक अर्थो में विवेचना करने में सक्षम थे। कृष्ण युग में गोपियों का वर्चस्व स्थापित किया। प्रथम पूज्य देव गणेश जी को नारद जी का ही मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था। देवर्षि नारद स्वभावतः धर्म निपुण तथा नाना धर्मों के विशेषज्ञ हैं।वे चारों वेदों के ज्ञाता हैं। उन्होंने विभिन्न वैदिक धर्मों की मयार्दाएं स्थापित की हैं। वे अर्थ की व्याख्या के समय सदा संशयों का उच्छेद करते हैं। नारद जी के द्वारा रचित अनेक ग्रंथों का उल्लेख मिलता है - जिनमें प्रमुख हैं नारद पंचरात्र,नारद महापुराण,वृहद रदीय पुराण, नारद स्मृति, नारद भक्ति सूत्र, नारद परिवाज्रक उपनिषद आदि।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# संयम के साथ सच का साथ दीजिए

**संजीव ठाकुर**

**यह क**हावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि पहाड़, झरना, नदिया जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है' और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।

इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है।

# कैसी कैसी सोच

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कवि भी** बड़े कमाल के होते हैं। पहुँच हुए कवि की पहुँची हुई सोच होती है। उनकी कल्पना किसी की चाल को हिरण की चाल से तो किसी की सुंदर आँखों की तुलना मृग के नयनों से करती है। किसी की बोली कोयल के मुख से तो किसी के नाच की तुलना मोर के थिरकते कदमों से करते हैं। मैं कवि नहीं हूँ। इसीलिए मूरख हूँ। मूरख हमेशा अलग सोचता है। मैं कवियों की कल्पना की तरह न तो हिरण की चाल बनना चाहता हूँ, न मृगनयनी। न स्वरकोकिला और न नाट्यमयूरी। मैं तो कबूतर का पिछवाड़ा बनना चाहता हूँ। हँसिए मत। आपने ठीक सुना... जी हाँ मैं कबूतर का पिछवाड़ा बनना चाहता हूँ। कबूतर का पिछवाड़ा बनना मेरे लिए बहुत ही गौरव और हर्ष का विषय होगा। शरीर के अंगों में पिछवाड़े का बड़ा महत्व होता है क्योंकि जो दूर की नजर रखता है वह पहले इसी पर ध्यान देता है।

इसके सुचारू रूप से कार्य करने पर ही शरीर का भविष्य टिका होता है। इसलिए अगर मैं कबूतर का पिछवाड़ा बनता हूँ तो अपने आप को बहुत ही किस्मत वाला समझूँगा क्योंकि देश की सेवा करने का मौका हर किसी के नसीब में नहीं होता है। आप सोच रहे होंगे कि देश की सेवा से कबूतर के पिछवाड़े से क्या लेना-देना? बरखूरदार! कबूतर का पिछवाड़ा कोई मामूली पिछवाड़ा नहीं होता। बड़े काम की चीज है। यह इंसानी नाभि से जानलेवा हेपेटायटिस के कीड़े खींच लेता है तब इसके लिए देश क्या चीज है। मनुष्य की जरूरी मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान है। इनके बिना इंसान कुछ नहीं है। आज हमारे देश की दुर्दशा बहुत बुरी है क्योंकि यहां पर लाखों करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए भोजन, पहनने के लिए कपड़ा और रहने के लिए घर नहीं है। मैं इनकी समस्याओं को मिटाने और आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए कबूतर का पिछवाड़ा बनकर जमाखोरों, सूदखोरों, लूटखोरों की बंद तहखानों से इनका जमा, सूद और लूटा हुआ माल सब खींच ले आऊँगा। तब लोग रोटी, कपड़ा और मकान की कमी से कतई नहीं रोयेंगे, बिलखेंगे, चिल्लायेंगे और मरेंगे। कबूतर का पिछवाड़ा बनने पर सभी देशों के साथ आपसी सहयोग और मित्रता का व्यवहार रखूँगा।

## न्यूज फ्लैश

### टारगेट पूरा करने के लिए फर्जी आईडी पर सिम जारी करने वाले दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए वन की टीम द्वारा टारगेट पूरा करने के लिए फर्जी आईडी पर सिम जारी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पहले भी एक आरोपी को काबू किया गया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी सुनील पुत्र कर्मवीर व बबलू पुत्र बलवीर वासियान गांव पबाना हसनपुर जिला करनाल को करनाल से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पहले 1 सितम्बर 2022 को आरोपी प्रवेश कुमार पुत्र सुनील कुमार वासी गांव जनेसरो जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया था और आरोपी के कब्जे से 57 वोडाफोन सिम बरामद किए गए थे। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी विभिन्न जगहों पर स्टॉल लगाकर वोडाफोन आईडिया कम्पनी के सिम बेचने का काम करते थे। सिम बेचने के लिए कंपनी द्वारा आरोपियों को प्रति सिम एक निश्चित कमीशन दिया जाता था और एक टारगेट भी दिया जाता था। कंपनी का टारगेट पूरा करने व जल्दी से जल्दी ज्यादा पैसे कमाकर अमीर बनने के चक्कर में फर्जी आईडी पर सिम जारी करते थे। आरोपी एक व्यक्ति की आईडी पर अलग-अलग लोगों के फोटो लगाकर कई-कई सिम जारी कर देते थे और उनसे मनमर्जी के मुताबिक रुपए लेते थे। आरोपियों ने वर्ष 2019, 2020 व 2021 के दौरान फर्जी आईडी पर काफी मात्रा में सिम जारी किए थे। इस वारदात के संबंध में वोडाफोन आईडिया के नोडल अधिकारी के ब्यान पर आरोपियों द्वारा लोगों की आईडी पर अन्य लोगों की फोटो लगाकर काफी मात्रा में सिम जारी करने के अपराध में थाना इन्द्री में 23 जून 2022 को भादंसं की धारा-419, 420, 467, 468, 471 के तहत दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देना परमात्मा की सच्ची सेवा : सुशील गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल इंद्री रोड़ में निःशुल्क परामर्श तथा छूट सहित परीक्षण शिविर मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लगाया गया, जिसके अंतिम दिन राज्यसभा सांसद तथा आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित हुए।

सुशील गुप्ता ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज की सद्प्रेरणा से किए जा रहे ठोस रचनात्मक कार्यों की खुले मन से प्रशंसा करते हुए इसे आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि उदार दानियों के सहयोग से सर्व समाज के हित के लिए इस धर्मार्थ अस्पताल के माध्यम से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देने का पुण्य कार्य परमात्मा की सच्ची सेवा है और साथ ही श्री घंटाकर्ण महावीर देव मंदिर में होने से प्रभु का आशीर्वाद, संतों की कल्याणकारी सकारात्मक ऊर्जा का संयोग मरीजों को निश्चित रूप से तंदुरुस्ती देगा।



उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य व्यवसायिक न होकर विशुद्ध सेवा है और बाजार से काफी कम दामों पर यहां पर स्वास्थ्य जांच तथा उपचार की सुविधाएं विभिन्न विधाओं के अनुभवी, कुशल एवं प्रशिक्षित डाक्टरों के माध्यम से इस आंचल के निवासियों को मिलेंगी। सामान्य रोगए बाल रोग, महिला रोग, दंत रोग, फिजियोथैरेपी, लैबोरेट्री की अत्याधुनिक सेवा इस चिकित्सा मंदिर में उपलब्ध है। आज अस्पताल में नेत्र विभाग, जिसमें उच्चस्तरीय विदेश से आयातित नेत्र मशीनरी रखी गई है, का फीता काटकर उद्घाटन सांसद सुशील गुप्ता ने किया। दिल्ली सहकारिता विकास निगम के चेयरमैन राजेश गोयल, आप नेता रणदीप राणा, राजीव गोंदर तथा मंदिर, विद्यालय, अस्पताल प्रबंधन से रत्न लाल जैन, अशोक जैन, सुरेंद्र जैन, सुशील जैन, नवीन जैन, प्रदीप जैन, रमन, कर्मवीर, विक्की, जिनेश, रितेश, प्रवीण गुप्ता, घनश्याम गोयल, देशराज, भूषण गोयल, राहुल जैन, मोहनलाल, वीना गर्ग, डिंपल, जय भगवान, नीरज आदि उपस्थित रहे और लड्डुओं का प्रसाद बांटा गया।

## विश्व जागृति मिशन के प्रांतीय कार्यालय का करनाल में शुभारंभ आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**परमपूज्य** सुधांशु जी महाराज के आदेश पर विश्व जागृति मिशन का प्रथम प्रांतीय कार्यालय हरियाणा प्रदेश पावनधाम आश्रम, करनाल में आरम्भ होने जा रहा है, जिसका शुभारंभ 7 मई रविवार को प्रातः साढ़े 10 बजे किया जाएगा। राजिंदर भारती, संयोजक, हरियाणा प्रान्त व प्रधान करनाल मण्डल ने बताया कि इस शुभावसर पर पूज्य गुरुदेव के प्रतिनिधि रूप में नरेन्द्र चँडोक, रविन्दर गांधी व मनोज शास्त्री उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी मंडलों के अधिकारियों की बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आश्रम में होगा, जिसमें हरियाणा प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों का सशक्तिकरण, परिवार जोडो अभियान की हरियाणा प्रदेश में शुरूआत के अतिरिक्त अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। प्रांतीय कार्यालय पूज्य गुरुदेव द्वारा हरियाणा प्रान्त के सभी मंडलों की सुविधा हेतु स्थापित किया जा रहा है।

## नई अनाज मंडी में आज किया जाएगा मेगा आई कैंप का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिख जरनल जस्सा सिंह रामगढिया की 300वें जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में विभिन्न सिख संगठन और बाबा जस्सा सिंह रामगढिया जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा रविवार 7 मई को डॉक्टर बासु आई हॉस्पिटल नई दिल्ली के सहयोग से नई अनाज मण्डी करनाल में आँखों का एक मेगा आई कैंप आयोजित किया जाएगा।

डॉक्टर बासु आई हॉस्पिटल नई दिल्ली के संस्थापक डॉक्टर महेन्द्र सिंह बासु ने बताया कि इस कैंप में आमजन मानस की आँखों की रोशनी की मुफ्त जाँच, आँखों के रोगों की मुफ्त जाँच, मरीजों को मुफ्त सलाह और आँखों के मरीजों को एक हफ्ते के लिए मुफ्त दवाई और आई ड्रॉप्स प्रदान की जाएंगी, ताकि अंधापन रोकने के राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

इस मेगा आई कैंप में डॉक्टर महेन्द्र सिंह बासु के नेतृत्व में दो और आँखों के रोगों के विशेषज्ञ और तीन ऑप्टोमेट्रिस्ट आँखों के रोगियों की जाँच और उपचार करेंगे तथा कैंप में आए अधिकतम लोगों को मेडिकल सुविधाएं प्रदान करेंगे। डॉक्टर महेन्द्र सिंह बासु ने आँखों के रोगियों से अपील की कि वे भारी संख्या में इस कैंप में पहुंचकर लाभ उठाएं।

## योग मानसिक व्याधियों से कर सकता है मुक्तः दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत चलाई जा रही है अटल पार्क सेक्टर नौ योग कक्षा के 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी को वहां मौजूद शिक्षकों व साधकों ने शुभकामनाएं दी।
कार्यक्रम में विशेष रुप से पूर्व अध्यक्ष पतंजलि योग समिति करनाल अशोक महेंद्रु ने शिरकत की और दिनेश गुलाटी एवं कक्षा के शिक्षकों राजेंद्र पपनेजा, शिवानी कांबोज और कुसुम राणा को सफलतापूर्वक कक्षा के 6 वर्ष पूरे होने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दिनेश गुलाटी एक जुनून के साथ घर-घर में योग को



पहुंचा रहे हैं, जो कि बहुत सराहनीय है। मिशन के अन्य योग शिक्षक निधि गुप्ता, वीना धीर, वीना सेठ, राजीव शर्मा, नरेश चौधरी, एसपी शर्मा, देवेश भाटिया, एनफ चौधरी, सोनिया कार्यक्रम में मौजूद रहे और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी के निर्देशन में लगाई जा रही इस कक्षा में प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया जा रहा है और योग विद्या का लाभ लेकर बहुत से लोग स्वस्थ हो रहे हैं। यहां मौजूद साधकों ने बताया कि वह कई वर्षों

**▶▶ दिनेश गुलाटी के निर्देशन में लगाई जा रही इस कक्षा में प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया जा रहा है**

से यहां निरंतर योग कर रहे हैं। उनकी कई तरह की बीमारियां ठीक हुई है और वे तनावमुक्त और स्वस्थ हो रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने कहा कि प्रतिदिन सुबह के समय प्रकृति के सानिध्य में योग करने से बेहतर कुछ नहीं है। योग मानसिक व्याधियों से मुक्त कर सकता है और शारीरिक लाभ तो है ही। उन्होंने मौजूद साधकों को योगिक क्रियाओं, आसनों और विशेष रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया।

## मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में बागवानी की 21 फसलें शामिलः शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत किसानों की फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी। सरकार द्वारा किसानों की फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए ह्यमुख्यमन्त्री बागवानी बीमाह्ल योजना के नाम से एक नई बागवानी फसल बीमा योजना के पोर्टल की शुरूआत की



गई है।
उन्होंने बताया कि प्रतिकूल मौसम तथा प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, तापमान, पाला, जल कारक (बाढ, बादल फटना, नहर/ड्रेन का टूटना, जलभराव) आंधी तूफान व आग जो फसल नुकसान का कारण बनते है, को योजना में शामिल किया जा रहा है। इस योजना के तहत 21 फसलें शामिल है। जैसे 14 सब्जियां (टमाटर, प्याज, आलू, फूलगोभी, मटर, गाजर, भिंडी, घीया, करेला, बैंगन, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी, मूली), 2 मसाले (हल्दी, लहसुन) और 5 फल(आम, किन्नू, बेर, अमरूद, लीची) शामिल है। योजना उन सभी किसानों के लिए वैकल्पिक तौर पर होगी जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा के तहत पंजीकृत होंगे।

## युवक ने ट्रेन के आगे आकर की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
तरावड़ी रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे आकर सुसाइड कर लिया। जैसे ही ट्रेन का इंजन गुजरा तो युवक ने पटरी पर अपना सिर रख लिया। डिब्बे के नीचे आने से युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। हादसे के बाद ट्रेन करीब 10 मिनट तक रुकी रही। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है। जीआरपी के जांच अधिकारी ने बताया कि युवक की पहचान बरेली निवासी 32 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है।

## 13 मई को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि करनाल में 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल चंद्रशेखर की अध्यक्षता में दुर्घटना के दावों, चेक बाउंस, बैंक वसूली, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित दीवानी विवाद और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित मामलों सहित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु रखा जाएगा। सीजेएम ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है। यह एक ऐसा मंच है, जहां कानून की अदालत में या पूर्व-मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादों/मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा/समझौता किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत वैधानिक दर्जा दिया गया है। उक्त अधिनियम के तहत, लोक अदालतों द्वारा किए गए निर्णय (निर्णय) को एक सिविल कोर्ट का एक डिक्री माना जाता है और अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है और इस तरह के एक पुरस्कार के खिलाफ कोई अपील किसी भी



अदालत में नहीं होती है। सीजेएम ने बताया कि यदि लोक अदालत के अधिनिर्णय से पक्षकार संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि इस प्रकार के अधिनिर्णय के विरुद्ध अपील का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन वे आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए मामला दर्ज करके उचित अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालय में जाकर मुकदमा शुरू करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामला दायर करने पर कोई न्यायालय शुल्क देय नहीं है। यदि न्यायालय में लंबित कोई मामला लोक अदालत में भेजा जाता है और बाद में निपटारा हो जाता है, तो शिकायतों/याचिकाओं पर मूल रूप से अदालत में भुगतान किया गया शुल्क भी पक्षकारों को वापस कर दिया जाता है। लोक अदालतों में वादों का निर्णय करने वाले व्यक्तियों को लोक अदालतों का सदस्य कहा जाता है, उनकी केवल वैधानिक सुलहकताओं की भूमिका होती है।

## महिला ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जनपद के गांव रिंडल की एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के जेठ-जेठानी के लडकों पर विवाहिता को तंग करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबाला के निहारसी गांव की रहने वाली चरणजीत की शादी रिंडल



गांव के व्यक्ति के साथ हुई थी। पति विदेश में रहता है और कभी-कभार घर आ जाता था। विवाहिता अपने ससुराल में रहती थी। मायके वालों का आरोप है कि विवाहिता के जेठ व जेठानी के लडके विवाहिता को बार-बार परेशान कर रहे थे, जिसके चलते विवाहिता ने तंग आकर जहरीला पदार्थ निगल लिया।
जब चरणजीत की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मायके वालों को भी दी गई। जिसके बाद मायके वाले मौके पर पहुंच गए। मायके वालों ने आरोप लगाया कि जेठ व उसके लडके उनकी बेटी को तंग करते थे, जिससे तंग आकर उनकी बेटी ने जहरीला पदार्थ निगला है या फिर उसे जहर दिया गया है। मृतका के चाचा ने बताया कि करीब 14 साल पहले चरणजीत की शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं, एक लडका और एक लडकी। जबकि उसका पति काफी समय से विदेश में रह रहा है।

## स्वास्थ्य एक ऐसा धन जो खरीदा नहीं जा सकता : संजय बठला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीएचडी** संकीर्तन सेवा समिति सेक्टर-45 के सौजन्य से आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर कैंप का आयोजन सीएचणी सिटी करनाल में हुआ। शिविर में लोगों ने बढ़-चढकर भाग लिया। शिविर में उपस्थिति मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने अपने सम्बोधन में कहा कि मनुष्य का स्वास्थ्य एक ऐसा धन है, जिसको किसी से खरीदा नहीं जा सकता और सिर्फ अपने आहार, जीवन शैली पर निर्भर रहता है। वर्तमान समय में मानव अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो खुशहाल जिंदगी यापन कर सकता है।
उन्होंने बताया कि मनुष्य अपने मन को कैसे नियंत्रित कर सकता है। अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। उन्होंने बताया कि अगर मनुष्य रोजाना तीस मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करता है तो स्वस्थ जीवन यापन कर सकता है। इस मौके पर प्रधान सुभाष चावला के अतिरिक्त भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष जसपाल वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक अरोड़ा, एसएन शर्मा, सुशील बठला, डॉ.अमित पुंज और डॉ.नरेश उपस्थित रहे।

## 'इलाके के लोगों को 24 घंटे सेवा मिल सके इसलिए दान की 10 एंबुलेंस'

### मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू करने पर पुरखास गांव में दादा भैंया खेड़ा धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान का किया अभिनंदन, कहा कि लोगों की जिंदगी बचाने से बड़ा पुण्य कुछ नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**देवा** सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर की तरफ से क्षेत्र में चलाई जा रही निशुल्क एंबुलेंस सेवा वास्तव में जीवन बचाने की संजीवनी सिद्ध हुई। बीमार व्यक्ति को यदि समय पर अस्पताल पहुंचा कर इलाज मिल जाए, तो उसका जीवन बचाया जा सकता है। इसी मकसद से देवा सोसायटी के संस्थापक एवं मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान समाजसेवा के कार्यों में जुटे है। समाजहित में उनके कार्यो को देख शनिवार को पुरखास गांव में दादा भैंया खेड़ा धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा समाजसेवी देवेंद्र



कादियान का अभिनंदन करते हुए कहा कि लोगों की जिंदगी बचाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि कोरोना काल में एंबुलेंस लोगों का जीवन बचाने में मददगार साबित हुई है। अगर समय पर एंबुलेंस सेवा न मिले तो व्यक्ति अस्पताल जाने से पहले ही अपनी जिंदगी गवां देता है। इसलिए गन्नौर की जनता के लिए 10 निशुल्क एंबुलेंस सेवा की है। जरूरतमंद व्यक्ति 24 घंटे एंबुलेंस सेवा का लाभ उठा सकते है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 9280792808 डायल करना होगा। एंबुलेंस में ऑक्सीजन और फर्स्ट एड की भी व्यवस्था की गई है।
संस्था का गरीब लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर बहादुर पहलवान सरपंच, सोनू, उमेद गुलिया, यशपाल बाबा, बज्जे सिंह, सतीश गुलिया जिला पार्षद, धर्मबीर सिंह, हरि सिंह राठी, चंद्र, काला, मांगेराम आदि मौजूद रहे।

# वजीरपुर: रोड़ पर अतिक्रमण होने से लोग परेशान

**समस्या...**

= मैंने संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है: हरीकिशन जिंदल

= वजीरपुर के मुख्य रोड़ बर्तन मार्किट के पास पर गलत तरीके से गाड़िया़ खड़ी होने और अतिक्रमण होने से लगता है जाम और लोग हो रहे है परेशान।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित बर्तन मार्किट के पास इन दिनों लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जाम लगने की वजह से लोग परेशान हो रहे है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी हरीकिशन जिंदल ने कहा कि मैंने पार्किग व जाम की समस्या को लेकर संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की है, लेकिन समस्याएं जस की तस पड़ी हुई और जनता को रोज परेशान होना पड़ता है। श्री जिंदल ने कहा कि संबंधित विभाग को यहां से अतिक्रमण हटाना चाहिए ताकि यहां से गुजरने वाले लोगों को जाम की समस्या से आजादी मिल सके।

# आप और भाजपा ने किया जनता को गुमराह, जनता हो रही परेशान: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी व भाजपा ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि अभी गर्मी की शुरूआत ही हुई है और दिल्ली की कई कॉलोनियों में जनता को पानी नहीं मिल रहा है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है और मजबूर होकर बाजार से मंहगे दामों पर पानी खरीद कर पी रहे है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली में विकास केवल विज्ञापनों



में ही नजर आ रहा है, धरातल पर विकास नहीं हो रहा है। आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस को जाता है, क्योंकि कांग्रेस ने दिल्ली को मॉर्डन दिल्ली बनाने का कार्य किया था और दिल्ली की तस्वीर बदली थी। लेकिन आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली में विकास कर रहे है।

**पूर्व विधायक ने कहा...**

= दिल्ली की कई कॉलोनियों में जनता को पानी नहीं मिल रहा है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है और मजबूर होकर बाजार से मंहगे दामों पर पानी खरीद कर पी रहे है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है: हरि शंकर गुप्ता



त्रीनगर वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाते हुए निगम पार्षद मीनू गोयल। साथ में पूर्व जिला महामंत्री विरेन्द्र गोयल व अन्य।

# श्रीराम इंस्टीट्यूट ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्रीराम** एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल एंड वोकेशनल स्टडीज में रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रक्तदान शिविर में करीब 52 रक्तदानियों ने रजिस्ट्रेशन कराया तथा उनमें से 40 रक्तदानियों का रक्त पीतमपुरा ब्लड बैंक द्वारा लिया गया। कार्यक्रम में विजय विहार क्षेत्र के पार्षद पुष्पा सुरेंद्र सोलंकी, क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र सोलंकी, रोहिणी क्षेत्र के निगम पार्षद धर्मवीर शर्मा, भाजपा दिल्ली प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य जय किशन गोयल, दिल्ली नगर निगम स्टैंडिंग कमेटी के पूर्व डिप्टी चेयरमैन विजेंद्र यादव, खाटू श्याम परिवार की





कार्यकरिणी समिति आदि ने इस कार्यक्रम में शिरकत की एवम सभी रक्तदानियों का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम में श्री खाटू श्याम परिवार एवम श्रीराम विजय विहार फेज-1 (आरडब्ल्यूए) ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग किया। संस्था के चेयरमैन ललित गोयल ने सभी रक्तदानियो को दिल से धन्यवाद देते हुए एवं आभार व्यक्त किया कि सभी अतिथि एवम रक्तदानियों ने अपना कीमती समय में से कुछ क्षण निकालकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदार बने। उन्होंने बताया कि इस महादान के माध्यम से हम काफी व्यक्तियों की जान बचा सकेंगे। ललित गोयल ने श्री खाटू श्याम परिवार एवम श्रीराम विजय विहार फेज-1 आरडब्ल्यूए के सभी पदाधिकारियों एवं मेंबर्स को और साथ ही साथ श्रीराम इंस्टीट्यूट की पूरी टीम को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

# जहांगीरपुरी वार्ड में पार्षद ने चलाया स्वच्छता अभियान

## कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही ड़ाले: शर्मा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जहांगीरपुरी वार्ड में स्वछता अभियान लगातार जारी है, इसी कड़ी में शनिवार को भी वार्ड के राजीव नगर, भलस्वा डेरी, श्रद्धानंद कॉलोनी, कलंदर कॉलोनी में स्वछता अभियान चलाया गया। इस मौके पर निगम कर्मचारियों के साथ आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा भी मौजूद रहे। सुरेश शर्मा ने जनता से अपील की है कि क्षेत्र को साफ और स्वच्छ रखने में हमारी मदद करें।

# राहुल गांधी ने शकूरबस्ती सीमेंट साइडिंग झुग्गी का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शकूरबस्ती सीमेंट साइडिंग झूग्गी का दौरा किया और झुग्गी वासियों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की और उनका हाल जाना।

ज्ञात रहे कि 2015 में केजरीवाल सरकार और रेलवे ने मिलकर इन झुग्गियों को हटाने का प्रयास किया था, जिसके खिलाफ कांग्रेस के सीनियर नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन और वकील अमन पवार ने उसके खिलाफ केस डाला और झुग्गियों को टूटने और झुग्गी वासियों को बेघर होने से बचाया। सरकार इन झुग्गियों में



कोई सुविधा मुहैया नहीं करा रही है। झुग्गियों में बिजली, पानी व सड़कों की व्यवस्था नहीं है, वह पहले ही परेशानियों से घिरे हैं और अब सरकार व रेलवे वाले झुग्गी वालों को फिर से परेशान कर रहे हैं।

राहुल गांधी के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, पूर्व विधायक प्रत्याशी चमन लाल शर्मा और वकील अमन पवार जोकि इस केस की पैरवी कर रहे हैं, इसके अलावा बहुताय की संख्या में कांग्रेसी साथी व स्थानीय लोग मौजूद थे।



जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से मिलते हुए कांग्रेस के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव व अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता।

# राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को जमानत दे दी है।

स्पेशल जज एमके नागपाल ने दोनों को जमानत देने का आदेश दिया।

कोर्ट ने 21 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने राजेश जोशी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि हवाला ऑपरेटर के मुताबिक हवाला का लेनदेन 26 नवंबर, 2021 और 10 नवंबर, 2021 को हुआ। ईडी ने कहा था कि राजेश जोशी ने बड़ी संख्या में फर्जी बिल बनाया था। ईडी ने कहा था कि राजेश जोशी विजय नायर के इशारे पर काम कर रहा था।

इस मामले में ईडी ने राजेश जोशी को 09 फरवरी को गिरफ्तार किया था। राजेश जोशी पर गोवा चुनाव के दौरान पैसों के लेनदेन का आरोप है। ईडी का कहना था कि मामले की जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आए हैं।

इस मामले में 05 नवंबर, 2022 और 08 फरवरी 2023 को राजेश जोशी का बयान दर्ज किया गया था। ईडी ने गौतम मल्होत्रा को 07 फरवरी को गिरफ्तार किया था।



लालबाग सेवा बस्ती में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील कुमार। साथ में है कई गणमान्य लोग।

# भारतीय जनता पार्टी ने किया 'झूठा कहीं का' कैम्पेन का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के झूठ को उजागर करने के लिए शनिवार को दिल्ली भाजपा के प्रभारी बैजयंत जय पांडा एवं अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने 'झूठा कहीं का' कैम्पेन को लोंच किया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद डॉ हर्षवर्धन एवं गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल एवं कैम्पेन संयोजक अशोक गोयल ने भी प्रदेश पदाधिकारियों हर्ष मल्होत्रा, दिनेश प्रताप सिंह, विष्णु मित्तल, बरखा सिंह, जयवीर राणा एवं करम सिंह



कर्मा, नीमा भगत, प्रवीण शंकर कपूर, यासिर जिलानी, शुभेन्द्रू शेखर अवस्थी, बृजेश राय, सारिका जैन, ऋचा पांडेय मिश्रा, निघत अब्बास, नेहा शालिनी दुआ, संतोष ओझा, संदीप सहरावत एवं सुमन सैनी आदि की उपस्थिति में सम्बोधित किया। बैजयंत जय पांडा ने कहा



कि 14 वीडियो वैन दिल्ली के सभी 14 जिलों के लिए रवाना हुई है जिसमें एक 27 मिनट की वीडियो में केजरीवाल के दिल्ली की जनता से बोले झूठ, मक्कारी और भ्रष्टाचार की कहानी चलाई जाएगी। खुद को आम आदमी कहते-कहते आज केजरीवाल ने 45 करोड़ रुपये की लागत से दिल्लीवासियों की गाढ़ी कमाई को लूटकर अपना राजमहल बनवाने में जो भ्रष्टाचार किया है, उसकी गूंज अब दिल्ली के घर-घर तक सुनाई देगी।

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की जनता जान चुकी है कि आखिर केजरीवाल के भ्रष्टाचार रुपी पर्दे के पीछे क्या छिपा हुआ था। दिल्ली भाजपा प्रभारी ने कहा कि जब शराब नीति में भ्रष्टाचार की खबरें आई तो उस वक्त अहंकारी केजरीवाल सरकार ने चुनौती दी थी कि अगर नीति में कोई भ्रष्टाचार हुआ है तो अरेस्ट करो और आज मनीष सिसोदिया जेल के अंदर हैं।

# विज ने ऑस्ट्रेलिया से जुड़े अनुभव सांझा किए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज आज संवाद कार्यक्रम के तहत कैंट की जनता से रुबरू हुए। सुभाष पार्क में संवाद कार्यक्रम में अनिल विज ऑस्ट्रेलिया से जुड़ा अपना अनुभव को स्थानीय लोगो के साथ सांझा किया। विज ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर रोजाना सैकड़ों लोगों से मिलते हैं, क्योंकि उन्होंने कभी अपने दरवाजे बंद नहीं किए। वे रात को भी दरवाजों पर भी ताला लगाकर नहीं सोते। लोगों ने उन्हें 6 बार विधायक बनाया, जो हरियाणा का एक रिकॉर्ड है। सरकार ने अच्छे-अच्छे विभाग उन्हें दिए। उन्हें चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ वाली कोठी मिल रही थी, लेकिन उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया। विज ने कहा कि वास्तव में मंत्री को अपना



हैडक्वाटर चंडीगढ़ में ही रखना होता है, लेकिन उन्होंने अपना कैंप ऑफिस अंबाला में रखा।
उन्होंने बताया कि अगर वे चंडीगढ़ रहते तो डिपार्टमेंट के अधिकारियों से ज्यादा मीटिंग होती, लेकिन उनकी सोच थी कि वह अपने विधानसभा के लोगों से भी जुड़ा रहे। वह रोजाना 60 किलोमीटर का आना-जाना कर रहे हैं। वे अंबाला की जनता के साथ जुड़े हुए हैं।

विज ने कहा कि ज्यादातर लोग अपने काम को लेकर उनसे मुलाकात करते हैं। वैसे तो अलग-अलग उद्देश्यों को लेकर कार्यक्रम होते रहे हैं, लेकिन उनके 30 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में उनकी जिम्मेदारी लगाई थी। गीता का उपदेश हरियाणा की धरती पर दिया गया था, लेकिन

**चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ वाली कोठी मिल रही थी, लेकिन उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया**

हमारा दायित्व बनता है कि वह केवल हरियाणा, जाति, धर्म और क्षेत्र के लिए नहीं दिया था। वह मानव जाति के लिए दिया गया है। इसलिए सारी सीमाओं को तोड़कर दूर तक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कहा कि अबकी बार ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में उनका बहुत अच्छा अनुभव रहा। वहां ऑल हरियाणा एसोसिएशन ने अहम भूमिका निभाई और इतना सहयोग किया कि हर व्यक्ति बोल रहा कि मेरी गाड़ी में बैठो। उन्होंने 8 दिनों में कोई गाड़ी हायर करने की जरूरत नहीं पड़ी। इस दौरान अनेक लोगों ने गृहमंत्री से बातचीत की और ऑस्ट्रेलिया के उनके अनुभवों को पूछा। कई लोगों ने अपने क्षेत्र की समस्या भी विज को बताई। विज ने बताया कि वहां पर लोग भी नियमों का पालन करे हैं। वहां पर वाहन आदि लोग नियामानुसार चलाते हैं। ऐसे में यहां पर भी वाहन चालकों को अपनी जिम्मेवारी पूरी तरह से निभानी चाहिए। विज ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में उनसे कहा गया कि हरियाणा खिलाड़ियों की धरती है यदि सरकार हमारा सहयोग करे तो यहा पर स्पोर्टस यूनिवर्सटी स्थापित की जा सकती है। साथ ही वहां के लोगों ने यह भी कहा कि यदि सरकार सहयोग करे तो हरियाणा में 1500 बैड का एक अस्पताल स्थापित किया जाएगा।

# महिला खिलाड़ियों के साथ हुए यौन शौषण के खिलाफ निकाला मौन जुलूस



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** विभिन्न संगठनों से जुड़े नागरिकों ने जंतर मंतर पर आंदोलित महिला पहलवानों के समर्थन में शुक्रवार देर शाम मौन जुलूस निकाला। दिल्ली में महिला खिलाड़ियों के साथ हुए यौन शौषण के विरोध में, महिला खिलाड़ियों के साथ हो रहे अन्याय और दिल्ली पुलिस की ज्यादतियों के खिलाफ शहर की जागरूक समाजसेवी महिलाओं की अगुआई में नारनौल के विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाज सेवियों ने मिल कर मौन जलुस का आयोजन किया। जलूस में शामिल कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां और मसान पकड़ी हुई थी। उक्त मौन मशाल रैली महावीर चौक से आरंभ होकर आजाद चौक पर जाकर समाप्त हुई।
इस विरोध रैली के समापन पर प्रमुख समाज सेविका सोनू सैनी धर्मपत्नी सुरेश सैनी, ज्योति सैनी ने सांझा बयान दिया कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला खिलाड़ियों ने यौन शौषण का आरोप लगाया, जिसमें एक नाबालिग महिला खिलाड़ी भी शामिल है। इन खिलाड़ियों में से साक्षी फोगट ने तो ओलंपिक में भारत को मेडल दिलवा कर देश का नाम रोशन किया है। उसके साथ हुए यौन शोषण की शिकायत भी सत्ता के लिए कोई मायने नहीं रखती, तभी तीन महीने पहले धरने पर बैठने के बाद भी मोदी सरकार ने महिला खिलाड़ियों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नही की। ज्योति भटनागर और राजनीतिक नेत्री चंद्रकला ने कहा कि बृजमोहन शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नही कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का डंडा नही चला। दिल्ली पुलिस के रवैये ने महिलाओं की अस्मिता को तार तार कर दिया । नगर सेठ अजीत जैन और पूर्व नगर परिषद चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार चौधरी ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुए आठ दिन से ऊपर हो गए है , जबकि सुप्रीम कोर्ट के जज ने साफ कहा है कि न्याय की पुकार ये है कि दिल्ली पुलिस निष्पक्ष जांच करे।
अपनें उद्बोधन में क्रांतिकारी नेता महेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार, बृजमोहन के खिलाफ जांच करने में कोताही बरत रही है और इसको अलग अलग बहाने बना कर राजनीतिक रंग देकर न्याय के लिए उठाई गई मांग को भटका देना चाहती है। डॉक्टर सुकेश दीवान ने कहा कि बीजेपी के प्रवक्ता महिला खिलाड़ियों की न्याय की मांग को जाति विशेष का जामा पहना कर यह सिद्ध करना चाह रह है कि यह यौन शौषण की शिकायत मात्र जातिवाद का एक राजनीतिक रूप है, जिसे विपक्ष चला रहा है। शहर के उद्योगपति एवं अधिवक्ता रविंद्र सिंह मटरू ने कहा कि यह मौन विरोध, देश की खिलाड़ी बेटियों के समर्थन में और सरकार की दमन कारी नीतियों के खिलाफ किया गया है। यह मौन विरोध, तूफान से पहले की खामोशी है। जब तक बृजमोहन गिरफ्तार नही होगा तब तक ये आंदोलन रुकने वाला नही।

## न्यूज फ्लैश

### मांगों को लेकर सांसदों को ज्ञापन सौंपेंगे भूतपूर्व सैनिक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला जिला सबसे पुराना और सबसे बड़ा लोक सभा हल्का है। जिसके 2 केंद्रीय मंत्री हैं। जब इलेक्शन होते हैं तो अंबाला के हर वार्ड में आपको इनके दफ्तर बनाए हुए मिलेंगे आज 2 एमपी होते हुए भी अंबाला के अंदर इनका एक भी ऑफिस नहीं है जहां पर जनता अपने किसी भी समस्या समाधान को लेकर इनके दफ्तर में जाकर बैठ जाए और इनसे अपनी समस्या को हल करवा दें एक भी दफ्तर इनका अंबाला जिले के अंदर नहीं है तीन डिस्टिक है पंचकूला अंबाला यमुनानगर लेकिन कहीं भी इनका एक भी दफ्तर नहीं है कोई इनका कोई वहां पर मैदा नहीं है कि जो कोई एक किसी की समस्या का हाल कर दे। अभी भारत के पूरे राज्यों में वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने के लिए पूरे देश के पूर्व सैनिक सड़कों पर आए और उन्होंने अपनी मांगों का मांग पत्र अपने अपने एमपी को सौंपना था पूर्व सैनिक तीन दिन पहले फोन द्वारा इनके पी, ए को सूचित किया गया कि अम्बाला जिले के पूर्व सैनिक जल्द ही मंत्री को अपने मांगे पत्र सौंपेंगे। लेकिन 2 एमपी दोनों की तबीयत ठीक न होने के कारण मंत्री नही पहुंच पाए। दुख सुख तो चलता रहता है। पर जिले में सांसद का ठिकाना तो होना चाहिए। ताकि अम्बाला जिले की जनता कोई सेंटर लेवल की समस्या को अपने चुने हुए सांसद को मिलकर उसका समाधान कर सकें। अम्बाला लोक सभा क्षेत्र के रतनलाल कटारिया का अम्बाला में कोई दफ्तर नहीं है। जिले के पूर्व सैनिकों मे उनके प्रति गुस्सा है रोष है क्यों कि उनके पी, ए को बताने के बाद भी कटारिया का कोई भी जिम्मेवार व्यक्ति देश के सैनिकों का मांग पत्र लेने नहीं पहुंचा । पूरे जिले के जवानों से गुस्सा है।

### रेलगाड़ी पटरी से उतरी ,यातायात को बाधित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला सहारपुर रेलमार्ग पर सुबह रेलगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण रेल यातायात बुरी तरह से बाधित रहा जिसके चलते अनेक रेलगाड़िया रदद कर दी गई तथा कई रेलगाड़ियां अपने निश्चित समय से कई घंटे देरी से पहुंची। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अनेक यात्रियों ने बताया कि उन्होंने रिर्जवेशन करवाई हुई थी लेकिन रेलगाड़िया देरी से आने के कारण अब उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति होने पर बहुत सी आम जनता को अनेक परेशानिया उठानी पड़ी वही दैनिक यात्रियों का कहना था कि आज सहारनपुर से अंबाला जाने वाली रेल, सहारनपुर से नंगलडेम जाने वाली रेल सहित अनेक रेलगाड़िया रद रही जिसके चलते यात्रियों को निजि वाहनों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा जिसके कारण यात्री समय पर अपने कार्यालयों पर नहीं पहुंच पाए।

### छावनी नगर परिषद चलाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी में अवैध अतिक्रमण करने वालों पर नगर परिषद द्वारा कार्यवाही की जाएगी। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि अकसर शिकायतें आ रही है कि कुछ दुकानदार दुकानों के आगे अतिक्रमण करते हुए सामान रख रहे हैं जिसके चलते आने-जाने वालें लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे दुकानदारों को नगर परिषद पहले ही चेतावनी दे चुकी है लेकिन इसके बाद भी वह नहीं माने जिस पर अब परिषद द्वारा एक बार फिर से विशेष अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जाएगी।

### बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा 12 से लेकर 14 मई तक करवाई जाएंगी प्रतियोगिताएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जिला बास्केटबॉल अंबाला के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा 12 मई से लेकर 14 मई तक जींद में हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन यूथ लड़के और लड़कियों के वर्ग में प्रतियोगिता करवाई जा रही है! इस प्रतियोगिता में सभी बास्केटबॉल एसोसिएशन को अनुरोध किया गया कि वे अपनी-अपनी टीमों की प्रविष्टि 8 मई तक भेज दें ।
अंबाला से भी लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में टीम जाएगी और अंबाला की इस टीम की सिलेक्शन करने के लिए एक ट्रायल सोमवार 8 मई शाम 4:30 बजे राजीव गांधी खेल परिसर सेक्टर 10 में होगा। जो भी बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वह कृपया ट्रायल के दौरान उपस्थित रहे क्योंकि बिना ट्रायल के किसी भी खिलाड़ी को भेजा नहीं जाएगा, और जो बच्चे 1/1/2007 के बाद पैदा हुए हैं वहीं इस प्रतियोगिता में भाग लेने के योग्य है।

# प्रशिक्षित महिलाओं को दिए प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** तुलसी देवी एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वाधान में चल रहे धर्मार्थ सिलाई केंद्र गाँव धुरखडा के छः माह से चल रहे एक बैच का कोर्स अप्रैल माह में समाप्त हो गया था जिसका समापन समारोह का आयोजन 5 मई को किया गया।
डायरेक्टर रीटा मुंजाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 'श्रीमती तुलसी देवी चैरिटेबल सिलाई स्कूल' की शुरूआत 1999 में की गई। इसका एक केंद्र पिछले साल धुरकड़ा गाँव में शुरू किया गया जोकि निःशुल्क



है। उन्होनें महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि जब महिला एक कदम बढ़ा देती है तो परिवार आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने द्वारा बनाए गए वस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई। इस उपलक्ष्य पर भारत विकास परिषद के गणमान्य सदस्य मनप्रीत कौर सरपंच धुरकड़ा, अविनाश शर्मा ,डॉ अंजली भारती , सुनीता वर्मा, अर्चना शर्मा, आरङ्केङ्ट शर्मा, अनीता मेहता, एङ्टपीङ्ट मेहता, सुमन बंसल, नरेश बंसल, रीना दुआ, नीरू गोयल, मंजू अग्रवाल, सीमा मंगला, सविता वर्मा उपस्थित रहे। रीटा मुंजाल ने इस आयोजन में महिला सशक्तिकरण के महत्त्व के बारे में बताया।

# युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला जिले के साहा में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती के परिजनों ने जहरीला पदार्थ खिला हत्या करने के आरोप लगाए थे। मामला साहा थाना के अंतर्गत आने वाले गांव टौबा का है। युवक-युवती का पिछले लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। हालांकि, दोनों की शादी करने के लिए परिवार वाले भी सहमत हो गए थे। पुलिस ने बॉयफ्रेंड के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव टौबा निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसकी बेटी ज्योति का पंचकूला के गांव खटौली निवासी मनदीप के साथ काफी समय से प्रेम चल रहा था। मनदीप उसके घर भी आता जाता रहता था। बताया कि वे ज्योति और मनदीप के रिश्ते बारे भी सहमत हो गए थे। वह गत दिवस अपने ही गांव में मजदूरी करने गया था। उसके दोनों बेटे और पत्नी भी काम पर गए हुए थे। गत दिवस मनदीप ने ही ज्योति के पिता को फोन करके सूचना दी कि ज्योति ने जहर निगल लिया है। वह अफरा-तफरी में अपने घर पहुंचा। उस समय उसकी बेटी ज्योति बिल्कुल ठीक थी। ज्योति ने उसे कहा कि मनदीप तो ऐसे ही बोलता रहता है मैं बिल्कुल ठीक हूं। पवन ने बताया कि ज्योति ने उसका फोन ले लिया और वह अपने काम पर दोबारा लौट गया। कुछ समय बाद पता चला कि उसकी बेटी की तबीयत खराब हो गई है। जब वह अपने घर पहुंचा तो देखा कि मनदीप उसकी बेटी को गोद में उठा बाहर निकल रहा है।

# बुद्ध पुर्णिमा के पावन अवसर पर शांतियात्रा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** बुद्ध पुर्णिमा के पावन अवसर पर टोपराकलां अशोक धम्मचक्र-चनेटी बौद्धस्तूप -डेरा बाबा लालदासजी कपाल मोचन-आदिबद्री बौद्ध स्थल यमुनानगर(हरियाणा)मे शांति यात्रा का आयोजन अनुशासित तरीके से किया गया। ऐडवोकेट बीर सिंह आशोका पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़,मंदीप टोपरा अध्यक्ष अम्बेडकर युवा मंच हरियाणा प्रदेश,मुकेश रायपुररानी प्रचारक सतगुरु रविदास जी अमृतबाणी इस शांतित्रा के संयोजक रहे। तमाम साथियों के सहयोग से तथागत बुद्ध के जन्मदिवस के पावन अवसर पर शांतियात्रा की शुरूआत डाङ्क



अम्बेडकर चौक दोसडका(अम्बाला)से हुई व अनेक एतिहासिक स्थान पर यात्रा पहूँची जिसमेअशोक सम्राट धम्मचक्र टोपरा कलां,चनेटीगढ़ी बौद्धस्तूप,सतगुरू रविदास आश्रम कपालमोचन और एतिहासिक स्थान बौद्धस्थल आदिबद्री मे इस शांतियात्रा का समापन हुआ। यह शांति ?त्रा महा-परिनिर्वाण प्राप्त भंते प्रग्यारक्षक की(तेपलावाले) को भी समर्पित रही। अरूण कुमार मंडोर प्रबुद्ध बेगमपुरा मंच हरियाणा प्रदेश , डा राम कुमार जयधरी संरक्षक एवं रिंकु इस्मैलपुर संस्थापक सदस्य ऐ वाई एम,प्रबुद्ध बेगमपुरा मंच के अन्य सदस्य जसवंत रंगा,शेर सिंह खोखर,हरजीत सिंह वाल्मिकी खैरा,पवन बौद्ध,विशाल अम्बेडकर,मंजीत कुमारी बौद्ध,राणो बौद्ध,हरमन बौद्ध,विशाखा बौद्ध,लवकेश बौद्ध,अभिषेक,लाभ सिंह टोपरा शशी नाहरपुर,केहर सिंह थम्बड़ इत्यादी शांतियात्रा मे शामिल रहे।

# खालसा हाई स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला के खालसा स्कूल के प्रांगण में स्कूल के बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा देने हेतु एक कंप्यूटर लैब की स्थापना की गई, जिसका उदघाटन खालसा सेवा सोसाइटी, मॉडल टाउन, अंबाला शहर के प्रधान सुरजीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर बताया कि खालसा सेवा सोसाइटी बच्चों की शिक्षा हेतु सहयोग देने के लिए सदैव आगे रहती है। इसीलिए उनकी सोसायटी ने खालसा हाई स्कूल के बच्चों को कम्प्यूटर ज्ञान देने के लिए 4 कंप्यूटर दिए गए हैं।

# हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा, जीते 9 पदक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**कूड़ो** की प्रथम राष्ट्रीय प्रतियोगिता फुलगांव हवेली पुणे महाराष्ट्र केनेताजी सुभाष चंद्र बोस आर्मी ट्रेनिंग स्कूल में यह प्रतियोगिता 1 से 7 मई तक आयोजित हो रही है जिसको कूड़ो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है जो की अध्यक्ष मेहुल वोरा जी व महा सचिव विस्पी खराड़ी और कोषाध्यक्ष जासमीन मकवाना व उनकी मेहनती निर्णायक मंडल जो भारत के अलग अलग राज्यो से आए हुए ए, बी, सी, ग्रेड के रेफरी वा जजों की टीम द्वारा किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में भारत के 20 जिलों से लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें हरियाणा की 20 सदस्य टीम ने भाग



लेकर पहले दिन 9 पदक जीते हैं टीम के विजेता खिलाडियों के निम्न अनुसार है
1, अंश 10 वर्ष आयु वर्ग में 30 किलो भारवर्ग में रजत पदक
2, अंशु कुमारी 16वर्ष आयु वर्ग में 40 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक 3, दीपक कुमार 17 वर्ष आयु वर्ग में 55 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक4, देविका चौधरी 12 वर्ष आयु वर्ग में 35 किलो भारवर्ग में रजत पदक 5, देव यादव 16 वर्ष आयु वर्ग में 64 किलो भारवर्ग में रजत पदक6, ध्रुव 12वर्ष आयु वर्ग में 35 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक
7, रोहित 12वर्ष आयु वर्ग में 40 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक
8, सुमित 12वर्ष आयु वर्ग में 45 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक
9, 40 वर्ष से ऊपर की कैटेगरी में हेमंत शर्मा ने खुद भाग लेकर स्वर्ण पदक जीतकर अपनी तकनीक का लोहा मनवाया हेमंत शर्मा ने बताया कि हरियाणा के खिलाड़ी किसी भी खेल प्रतियोगिता में जाते हैं हरियाणा का नाम रोशन करके ही आते हैं और यह सब खिलाड़ियों में जो उत्साह भरा हुआ है वह हरियाणा राज्य द्वारा चलाई गई नवीन खेल नीतियों के कारण है इन खेल नीतियों से खिलाड़ियों को मिलने वाली सहुलते खेल के आधुनिक उपकरण,साजो सामान उनकी जरूरत के सामान जो मिलते हैं जिसके कारण हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, एशियन, कोमन वेल्थ व ओर्लपिक खेलों में हरियाणा राज्य का नाम चमका रहे है हरियाणा टीम का नेतृत्व भारत के मुख्य प्रशिक्षक एशियन जज व डब्ल्यू के एफ से 5 डिग्री ब्लैक बेल्ट धारक शिहान हेमन्त शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

# अंकनाद पहाड़े समावेशन प्रतियोगिता संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंकनाद** पहाड़े समावेशन प्रतियोगिता के तहत विद्यालय स्तर पर यह प्रतियोगिता 25 व 26 अप्रैल को करवाई जा चुकी है, जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय से दो मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा कुल 3 विद्यार्थी चुने गए थे। अब खंड स्तर पर यह प्रतियोगिता 3 व 4 मई को आयोजित की गई । प्रत्येक खंड से कुल 2 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस प्रकार अंबाला जिले से कुल 12 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। खंड स्तर प्रतियोगिता के परिणामों की बात करें तो खंड अंबालाझ1 में प्रथम स्थान राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय नंबर 7 और द्वितीय स्थान पर राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय बलदेव नगर ने बाजी मारी है। खंड अम्बालाझ2 में राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय पंजोखरा प्रथम स्थान पर एवम सुल्तानपुर द्वितीय स्थान पर रहा। खंड बराड़ा में होली प्रथम स्थान पर एवं सिरसगढ़ द्वितीय स्थान पर रहा नारायणगढ़ में झिरीवाला प्रथम और डेरा द्वितीय स्थान पर रहा खंड साहा में केसरी प्रथम और ढकूला द्वितीय स्थान पर रहा। शहजादपुर में राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय बड़ी बस्सी प्रथम स्थान पर एवं द्वितीय स्थान पर भी बड़ी बस्सी ने कब्जा किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य एवम आधार था की बच्चों को 1 से 30 तक के एवम पाव व आधे के पहाड़े अच्छे से कंठस्थ हो, उजागर उच्चारण हो एवम अच्छा आत्मविश्वास हो। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रत्येक खंड में दो बीआरपी एवम एबीआरसी की मूल्यांकनकर्ताओं के तोर पर ड्यूटी लगाई गई थी, जिन के द्वारा खंड स्तर पर इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन हो पाया है, जिनके नाम इस प्रकार हैंः खंड अंबालाझ1 से नीतू व प्रिया, अंबालाझ2 से नेहा नरूला व बलजिंदर, बराड़ा से मधु गर्ग व अमरजीत कौर, नारायणगढ़ से नेहा गुप्ता व जयप्रकाश, साहा से नेहा व कुलविंदर और खंड शहजादपुर से आरती त्यागी व नेहा हैं।
**आइए जानिए क्या है अंकनाद प्रोग्रामः** प्रदेश भर में अंकनाद कार्यक्रम के तहत कुल 418 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया गया है। इन सभी विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा अंकनाद किट प्रदान की गई है। जिला अंबाला की बात करें तो इस कार्यक्रम के लिए कुल 21 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों का चयन हुआ है। जिले में खंड अंबालाझ1 में चार, अंबालाझ2 में चार, बराड़ा में तीन, नारायणगढ़ में तीन, साहा में चार और शहजादपुर में तीन राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। इस अंकनाद किट द्वारा बच्चे खेल-खेल में बहुत ही रोचक ढंग से 1 से 30 तक के पहाड़े, आधे और पाव का पहाड़ा सीखते हैं। बच्चे बड़े हर्षोल्लास एवम रोचक ढंग से पहाड़े बोलते और याद करते हैं। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के संख्यात्मक और गणितीय कौशल का विकास करना है।

# विधायक पंवार ने स्कूल में छात्राओं को दी वाटर कूलर की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने मुरथल अड्डा स्थित राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छात्राओं को एक वाटर कूलर की सौगात दी है। इसके साथ ही स्कूल में समर्सिबल, वाटर चिल्लर की समस्या का भी समाधान करवाया है। स्कूल प्रशासन द्वारा जो अन्य समस्याएं अवगत कराई गई है, उन समस्याओं का भी जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार रोटर क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत स्कूल में पहुंचे थे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की




कामना की। विधायक सुरेंद्र पंवार को स्कूल प्रशासन की तरफ से मुख्य द्वार को ऊपर उठाने ताकि बरसात व सीवरेज का पानी जमा न हो, स्कूल के पिछले वाले गेट की तरफ वाली बिल्डिंग को आपस में मिलाने, प्रार्थना सभा स्थल पर शैड लगवाने, समर्सिबल ठीक करवाने, वाटर पाइप लाइन ठीक करवाने, चिल्लर को ठीक करवाने, आरओ को ठीक करवाने सहित अन्य समस्याए समक्ष रखी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि एक सप्ताह पहले जब उन्होंने स्कूल में विजिट किया था तो उस दौरान समर्सिबल, वाटर चिल्लर, वाटर पाइप लाइन, वाटर कूलर की समस्या सामने रखी थी, इन समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दे दिए थे और आज इन समस्याओं का समाधान भी हो गया है। उन्होंने कहा कि शेष समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का मुख्य ध्येय समाज सेवा करना है। इसके लिए वह प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर समाज सेवा के कार्य करने में जुटे रहते है। उन्होंने कहा कि कई राजकीय स्कूलों में जब उन्होंने विजिट किया तो देखा कि विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था नहीं है, जिसके आभाव में विद्यार्थी गर्म पानी पीने को मजबूर है। उसी दिन से उन्होंने प्रत्येक राजकीय स्कूल में वाटर कूलर लगवाने का संकल्प लिया।

# गुरुद्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब के चुनाव निर्विरोध हुए संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**श्री गुरू हर**किशन साहिब सेवा सोसायटी 8, 9, 10 के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गए हैं और आज नामांकन पत्र वापिस लेने के अंतम दिन प्रत्येक पद के लिये मात्र 1-1 नामांकन होने के नेक कारण सभी पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुन लिये गये है। गुरुद्वारा की श्री गुरू हरकिशन साहिब सेवा सोसायटी 8, 9, 10 का संचालन करने वाली इस सोसापटी के चुनाव कराने का की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार फार्मज एंड सोसायटीज ने डा. गुरदेव सिंह को सौंपी थी।
उन्होंने 45 मैम्बर्स की एक स्ट्रेटिन लिस्ट जारी की थी जिसमें मानिन्द्र सिंह ढिल्लों व पूर्व प्रधान बलजीत सिंह साहनी ने यह कहते हुए चुनौती दी थी कि सोसायटी के केवल 14 मेमर ही है। जिसपर 25 अप्रैल को जिला रजिस्टरार उनकी अपील खारीज कर दी गई थी। आज किरपाल सिंह को निर्विरोध प्रधान, दलजीत सिंह को उपप्रधान, सुरजीत सिंह को जनरल सैरेटरी, सुखविन्द पाल सिंह को एसिस्टेंट सैक्टरी, हरविन्द्र सिंह को कैशियर, गुरजिन्द्र सिंह गिल को ओरगोनाईज सैक्टरी,जे जे सिंह को एडवाईजर तथा एजुकेटिव मैंबर में प्रहलाद सिंह जग्गी, हरचंद सिंह कुलवंत सिंह, सुखदेव सिंह, रमनदीप, जसपाल, कुलदीप, हरभजन, रणजीत सिंह को शामिल किया गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 07 मई 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का उत्तम प्लेटफार्म है अपोलो
शिक्षा, संस्कार, खेलकूद का अनूठा संगम है अपोलो

Salient Features
- Artificial Intelligence based curriculum
- Speaker's Club to strengthen communication skills
- MUN's & Olympiads
- Excellent Board Results
- Selection in Various Competitive Exam

ADMISSION OPEN Session 2023-24

In Sports
- Gold Medal in Rocball in Sri Lanka
- KBD Semi-finalist Team in PRO Kabaddi
- Bronze Medal in National Fencing Championship
- All game facilities & Trained Coaches.

APOLLO INTERNATIONAL SCHOOL

BARI - MAIN BRANCH: 57 K.M. Mile Stone, NH-1, G.T. Road, V.P.O. Bari, Sonipat Mob. 9896025200

MAIN BRANCH: MAHAWATI ROAD, NH-1, PATTIKALYANA, SAMALKHA (PANIPAT) Mob. 9996541197, 9996541193

JUNIOR WING: GULATI ROAD, SAMALKHA Mob. 9996541191, 9996541197

KARNAL-MAIN BRANCH: VILLAGE DADUPUR, NEAR VIVAN HOTEL, G.T. ROAD, KARNAL Mob. 9991527781

KARNAL-JUNIOR WING: MODEL TOWN, NEAR UNION BANK, CITY KARNAL Mob. 9991527775

न्यूज फ्लैश

## उत्तराखंड: आयोजित होगी यू-सेट परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राज्य पात्रता परीक्षा (यू-सेट) शीघ्र आयोजित की जायेगी। यू-सेट के आयोजन के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय के अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं, शीघ्र ही परीक्षा तिथि घोषित कर दी जायेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि प्रदेश में शीघ्र ही राज्य पात्रता परीक्षा (यू-सेट) आयोजित की जायेगी। कुमाऊं विश्वविद्यालय को इस परीक्षा का आयोजन करना है, लिहाजा विश्वविद्यालय प्रशासन को परीक्षा तिथि जल्द घोषित करने के निर्देश दे दिये गये हैं। विभागीय मंत्री डा. रावत ने बताया कि यू-सेट के आयोजन के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जरूरी दिशा-निर्देश मांगे गये थे, जिस पर यूजीसी की अनुमति मिल चुकी है। परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में लम्बे अंतराल के बाद यू-सेट की परीक्षा आयोजित होने जा रही है। लिहाजा इस परीक्षा में प्रदेशभर के हजारों छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगी, परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को सभी औपचारिकताएं समय पर पूरे करने को कहा गया है।

## मेरठ में 77 हजार की रिश्वत लेते वन विभाग का एलडीएम गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**
मेरठ में शनिवार को एंटी करप्शन टीम ने वन विभाग के एलडीएम को 77 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया है।

एंटी करप्शन टीम उसे गिरफ्तार करके थाने ले आयी। एलडीएम ने एक ठेकेदार से रिश्वत मांगी थी। किठौर निवासी ठेकेदार जब्बार के अनुसार, वह वन निगम में ढुलान, कटान का ठेका लेता है।

# मणिपुर हिंसा: अब तक 54 लोगों की मौत

### 1100 लोगों ने असम में शरण ली, हालात स्थिर, मणिपुर में हिंसा के कारण नीट-यूजी परीक्षा स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मणिपुर में** हिंसा के कारण रविवार को होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट- यूजी 2023) की परीक्षा को यहां स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा सिर्फ उन उम्मीदवारों के लिए स्थगित की गई है जिनका परीक्षा केन्द्र मणिपुर में है। शनिवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ट्वीट करके जानकारी दी कि कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण और राज्य सरकार के अनुरोध पर मणिपुर में रविवार को आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इन उम्मीदवारों के लिए नीट परीक्षा की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक इस



संबंध में छात्र हेल्प लाइन नम्बर 011-4075900 पर कॉल कर सकते हैं। छात्र एनटीए की वेबसाइट पर भी इस संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

**8 जिलों में कर्फ्यू, मोबाइल इंटरनेट बंद:** शुक्रवार को मोबाइल इंटरनेट बेमियादी बंद कर दिया गया था। दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए, साथ ही मणिपुर जाने वाली ट्रेनों को रोक दिया गया। हिंसा को देखते हुए राज्य के 16 में से 8 जिलों में कर्फ्यू लगाया गया था।

**सेना और असम राइफल्स के 10 हजार जवान तैनात:** हालांकि अब इसमें ढील दी जा रही है। जन-जीवन सामान्य हो रहा है। यहां शनिवार सुबह दुकानें खुलीं और सड़कों पर कारें दौड़ती नजर आईं। इलाके में सेना और असम राइफल्स के करीब 10 हजार जवान तैनात किए गए हैं।

**डर की वजह से 1100 लोग असम पहुंचे:** अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मणिपुर के जिरीबाम जिले और आसपास के इलाकों से 1100 से ज्यादा लोग इंटर-स्टेट बॉर्डर पार करके असम के कछार जिले में दाखिल हुए हैं। शुक्रवार तक यह आंकड़ा 600 था। इनमें से ज्यादातर लोग कुकी समुदाय के हैं और उन्हें डर है कि जिन प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को उन पर हमला किया था।

## अमृत काल में भारत जो भी करने की सोचेगा, सफल होगा: तोमर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि अमृत काल में भारत जो भी करने की सोचेगा, सफल होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत विश्व गुरु के स्थान पर अधिष्ठित हो, आशा की किरण हमें दिखाई देती है। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) जैसे संगठनों की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है, जो इस यात्रा को पूर्णता प्रदान करने में एक सफल सहयात्री की जिम्मेदारी निभा सकते हैं केंद्रीय मंत्री तोमर ने शनिवार को पूसा (दिल्ली) में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के आयाम एग्रीविजन का 'स्वावलंबी कृषि-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन-सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीते 8-9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व के परिणामस्वरूप आने वाले कल के विकसित भारत का स्वप्न



साकार होता दिखाई दे रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव से वर्ष 2047 तक, 25 साल का समय अमृत काल है, जिसमें सब लोग देश को विकसित भारत के रूप में देखेंगे। तोमर ने कहा कि किसान हमारा पेट भरता है, तो उसे हम सम्पन्न, समृद्ध या अन्नदाता किसान क्यों नहीं कह सकते। किसानों को गरीब कहने की बजाय उनकी प्रतिष्ठा में चार चांद लगाना चाहिए। कृषि क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है, हमारे देश की रीढ़ है। हमारे जो किसान व वैज्ञानिक कृषि क्षेत्र में काम कर रहे हैं, वे अभिनंदन के पात्र हैं, उन्हें सदैव प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इसी दिशा में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि को प्राथमिकता पर लेकर इस क्षेत्र को कई नए आयामों से जोड़ने का प्रयत्न किया है, जिनकी सफलता आज हमें परिलक्षित हो रही है। तोमर ने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में भी देश में जीएसटी जैसे कई ठोस सुधार प्रधानमंत्री मोदी ने किए हैं, उन्होंने दृढ़ संकल्प के साथ काम किया है, नोट बंदी के साथ ही कैशलेस ट्रांजैक्शन भी इसके उदाहरण है। तोमर ने कहा कि नीति ठीक हो, नीयत साफ हो और नेता ताकतवर हो, तो ऐसे सुधारों को कोई रोक नहीं पाता है।

## गेहूं खरीद में किसी भी तरीके की शिथिलता न बरती जाए

**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद**
**मुरादाबाद के** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गेंहू खरीद के संबंध में मीलर्स के साथ कैम्प सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने कहा कि गेंहू खरीद में किसी भी तरीके की शिथिलता न बरती जाये। बैठक में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि गेंहू के अवैध संचरण पर रोक लगायी जाए तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिए कि गेंहू खरीद व कार्यवाहियों के संबंध में उनको नियमित रिपोर्ट उपलब्ध करायें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिऐ कि एजेंसी के माध्यम से सभी केन्द्र प्रभारियों को एक्टिव करें तथा गेंहू खरीद में किसी भी तरीके की शिथिलता न बरती जाये। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर सिंह, मण्डी सचिव ज्योति चैधरी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी मौजूद रहे।

**आदेश**

- अधिकारी को निर्देश दिए कि गेंहू खरीद व कार्यवाहियों के संबंध में उनको नियमित रिपोर्ट उपलब्ध करायें

## विश्व पटल पर मिलेगी उत्तर प्रदेश सचिवालय को पहचान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**कई सालों** से लंबित सचिवालय संघ का चुनाव अब शीघ्र होने की संभावना से सचिवालय के अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। सचिवालय संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अधिकारी सीमा गुप्ता कहती है संघ का नियमित चुनाव न सिर्फ सचिवालय के अधिकारियों के समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक है बल्कि प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में अहम भूमिका निभाने वाला है। सीमा ने कहा कि चुनाव होने से सचिवालय के अधिकारी कर्मचारी चिंता मुक्त होंगे तो कार्य की गति चौगुनी होगी। उन्होंने कहा प्रदेश के विकास की खिड़की सचिवालय से ही खुलती है जहां से महत्वपूर्ण नीतिगत विकास से संबंधित योजनाओं की रूपरेखा बनाई जाती है और जिसका प्रभाव नए उत्तर प्रदेश के समुचित विकास के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सबके साथ सबका विकास सबके विश्वास की नीति पर दिन रात काम कर रही है, जिस क्रम में नई पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की पहल की है वहीं दूसरी तरफ तमाम प्रकार की सुविधाएं सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों को भी उपलब्ध करा रही है। सीमा ने कहा कि हम सचिवालय के अधिकारी प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने सचिवालय की पहचान सचिवालय भत्ता को वापस दिलाया।

## विभिन्न कार्यों के लिए 270 करोड़ रुपये मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**मुख्यमंत्री अशोक** गहलोत ने प्रदेश में खेलों के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए 270 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस राशि से विभिन्न जिलों में खेल स्टेडियम, खेल परिसर, खेल अकादमियों एवं मल्टीपरपज इन्डोर हॉल का निर्माण किया जाएगा। गहलोत के इस निर्णय से खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं एवं प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा तथा वे अपनी खेल प्रतिभा को निखार कर राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। गहलोत ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी। प्रदेश के सातों संभागों में सलीम दुरानी आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल शुरू होंगे। प्रतापगढ़ में अरनोद, अलवर में कठूमर, थानागाजी, कोटकासिम (किशनगढ़ बास), बांसवाड़ा में कुशलगढ़, बारां में अटरू, बूंदी में देई (हिण्डौली), भरतपुर में नदबई, चूरू में सरदारशहर, दौसा में मण्डावर (महुवा), धौलपुर में राजाखेड़ा, जयपुर में जमवारामगढ़, झुंझुनूं में मलसीसर (मंडावा), जोधपुर में बिलाड़ा, पीपाड़, बलेसर, नागौर में डेगाना, लाडनूं, पाली में जैतारण, सुमेरपुर, सवाई माधोपुर में बाटोदा (बामनवास), सीकर में दांतारामगढ़, जालौर में रानीवाड़ा, डूंगरपुर में झोंथरीपाल, बाड़मेर में सिवाना में खेल मैदान और अकादमियां संचालित की जाएंगी। जयपुर के चौगान स्टेडियम का 12 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार होगा।

भरतपुर में 7 करोड़ रुपये से स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, जोधपुर में 8.68 करोड़ रुपये से ऑल वैदर स्वीमिंग पूल का निर्माण और 8 करोड़ रुपये से अमृत लाल स्टेडियम में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बारां के शाहबाद में 10 करोड़ रुपए से खेल स्टेडियम तथा खेल छात्रावास का निर्माण होगा।



MARUTi nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

जनसंख्या पर बात

जनसंख्या नियंत्रण विषय हम सबके सामने हैं, जिस पर प्रदेश भर में चर्चा हो रही है

## उत्तराखंड के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी: महेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून राज्य के लिए जरूरी है। बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण विषय हम सबके सामने हैं, जिस पर प्रदेश भर में चर्चा हो रही है। पार्टी भी शीघ्र ही सरकार के साथ इस विषय पर मंत्रणा करेंगी। पार्टी राज्य की डेमोग्राफी परिवर्तन और जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून को जरूरी मानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा देवभूमि के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक



एवं धार्मिक पहचान को लेकर प्रतिबद्ध है,इससे पूर्व भी देश का सबसे सख्त धर्मांतरण कानून लाया गया। समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट अपने अंतिम चरण में है और लैंड जिहाद के खिलाफ सख्त भू कानून लाया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष भट्ट ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उनके लिए श्री राम और बजरंग बली चुनावी मुद्दा हो सकते हैं, हमारे लिए यह देश की सांस्कृतिक पहचान और गरिमा का विषय है। उन्होंने हनुमान चालीसा की पंक्ति "बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरो पवन-कुमार" का उल्लेख करते हुए तंज कसा कि बार बार जब वे इस श्लोक के साथ स्वयं को बुद्धिहीन स्वीकार कर रहे हैं तो आगे की पंक्तियों को स्वीकार करते हुए उन्हें प्रदेश और देश में राजनैतिक पक्ष के साथ धार्मिक पक्षों जैसे बजरंग बली पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े तमाम विषयों पर कर्नाटक चुनावों के बाद चर्चा की जाएगी,चाहे वह मंत्रिमंडल विस्तार की बात हो या दायित्व वितरण की बात हो या बागेश्वर उपचुनाव की बात हो।